आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर, शनिवार 16 मई 2026 ■ ज्येष्ट कृष्ण पक्ष-14 ■ वर्ष -42 ■ अंक-048 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 17 मई 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


छत्तीसगढ़ सरकार का बड़ा फैसला

## खर्चों में कटौती के लिए मितव्ययिता के निर्देश जारी

### विदेश यात्रा से लेकर कारकेड तक पर सख्ती

**रायपुर, 16मई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ सरकार ने वित्तीय संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और शासकीय खर्चों में अनुशासन लाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। वित्त विभाग ने सभी विभागों, संभागीय आयुक्तों, कलेक्टरों और विभागाध्यक्षों को मितव्ययिता एवं वित्तीय अनुशासन संबंधी निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू करने के आदेश जारी किए हैं। ये निर्देश 30 सितंबर 2026 तक प्रभावी रहेंगे। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप वित्त विभाग, छत्तीसगढ़ शासन ने खर्च कम करने संबंधी मितव्ययिता आदेश जारी किया है। जारी निर्देशों के अनुसार अब शासकीय खर्चों में कटौती के लिए कई स्तरों पर सख्ती बरती जाएगी। मुख्यमंत्री, मंत्रियों तथा निगम-मंडल और आयोगों के कारकेड में केवल अत्यावश्यक वाहनों का ही उपयोग किया जाएगा। साथ ही सभी शासकीय विभागों को वाहनों के उपयोग में संयम बरतने और ईंधन खर्च कम करने के निर्देश दिए गए हैं।

**अधिकारियों के लिए वाहन पूलिंग व्यवस्था-** सरकार ने चरणबद्ध तरीके से शासकीय वाहनों को इलेक्ट्रिक वाहनों में परिवर्तित करने की दिशा में भी कार्रवाई करने को कहा है। इसके अलावा एक ही गंतव्य की ओर जाने वाले अधिकारियों के लिए वाहन पूलिंग व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पेट्रोल-डीजल खर्च में कमी लाई जा सके।

**अब डिजिटल माध्यमों से होगी बैठक-** राज्य शासन ने सरकारी खर्च पर शासकीय सेवकों के विदेश यात्राओं पर भी रोक लगा दी है। केवल अत्यंत अपरिहार्य परिस्थितियों में ही विदेश यात्रा की अनुमति होगी और इसके लिए मुख्यमंत्री की पूर्व अनुमति अनिवार्य होगी। बैठकों और समीक्षा कार्यों में भी अब डिजिटल माध्यमों को प्राथमिकता दी जाएगी। विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि भौतिक बैठकें यथासंभव महीने में केवल एक बार आयोजित की जाए और नियमित समीक्षा बैठकें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए की जाए।

**बिजली की बर्बादी रोकने विशेष निगरानी रखने के निर्देश-** ऊर्जा बचत को लेकर भी सरकार ने कड़े निर्देश जारी किए हैं। कार्यालय समय समाप्त होने के बाद सभी लाइट, पंखे, एसी और कंप्यूटर बंद करना अनिवार्य होगा। शासकीय भवनों में बिजली की बर्बादी रोकने के लिए विशेष निगरानी रखने को कहा गया है। इसके साथ ही ई-ऑफिस और डिजिटल कार्यप्रणाली को बढ़ावा देने के लिए बैठकों में प्रिंटेड दस्तावेजों के बजाय पीडीएफ और पीपीटी जैसे इलेक्ट्रॉनिक फाइलों के उपयोग पर जोर दिया गया है। कार्यालयीन पत्राचार और नस्तियों का संचालन अनिवार्य रूप से e-Office के माध्यम से करने के निर्देश दिए गए हैं।

**प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए IGOT कर्मयोगी पोर्टल का करें उपयोग-** प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी बदलाव करते हुए IGOT कर्मयोगी पोर्टल के अधिकतम उपयोग के निर्देश दिए गए हैं, ताकि भौतिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर होने वाले खर्च को कम किया जा सके। राज्य शासन ने सभी विभागों को इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं।



**रायपुर.** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुशासन तिहार के अंतर्गत आज जांजगीर-चांपा जिले के पामगढ़ विकासखंड स्थित ग्राम कोसला पहुंचकर माता कौशल्या मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने माता कौशल्या एवं प्रभु श्रीराम से प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, शांति और छत्तीसगढ़ की निरंतर प्रगति के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री साय के मंदिर परिसर पहुंचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, मंदिर सेवा समिति एवं ग्रामीणों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी भी उनके साथ उपस्थित थे।

### एसबीआई की शाखाएं 6 दिन रहेंगी बंद

**नईदिल्ली, 16मई।** देश के सबसे बड़े पब्लिक सेक्टर बैंक भारतीय स्टेट बैंक के लाखों ग्राहकों को एक बड़ा झटका लगने वाला है। एसबीआई की शाखाएँ लगातार छह दिनों तक बंद रहने वाली हैं। खास तौर पर, कर्मचारी यूनियन 25 और 26 मई, 2026 को बैंक हड़ताल करेंगे। 25 मई को सोमवार है। 26 मई को मंगलवार। इससे पहले, 23 मई को चौथा शनिवार होने के कारण और 24 मई को रविवार होने के कारण बैंक बंद रहेंग। 27 और 28 मई को बकरीद के कारण कई राज्यों में बैंक बंद रहने का कार्यक्रम है। नतीजतन, एसबीआई की शाखाएं कुल मिलाकर छह दिनों तक ग्राहकों के लिए बंद रहेंगी। इस हड़ताल के जरिए, एसबीआई के कर्मचारी अपने अधिकारों की सुरक्षा, बेहतर काम का माहौल और अपनी लंबित मांगों को पूरा करने की मांग कर रहे हैं।

### मनी लॉन्ड्रिंग केस में रॉबर्ट वाड्रा को जमानत

**नई दिल्ली, 16 मई.** राउज एवेन्यू कोर्ट ने शिकोहपुर भूमि सौदा से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रॉबर्ट वाड्रा को जमानत दे दी है। अदालत ने उन्हें 50 हजार रुपये के निजी मुचलके पर राहत प्रदान की। रॉबर्ट वाड्रा, जो प्रियंका गांधी के पति हैं, को जमानत मिलने के बाद उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि जांच एजेंसियों का इस्तेमाल राजनीतिक दबाव बनाने के लिए किया जा रहा है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 10 जुलाई तय की है। अदालत परिसर के बाहर मीडिया से बातचीत करते हुए वाड्रा ने कहा कि वह पूरी तरह निडर हैं क्योंकि उनके पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है।

### 20 लाख के इनामी नक्सलवादी नरहरि ने पत्नी संग किया सरेंडर

**जगदलपुर, 16 मई।** माओवादी संगठन को फिर एक बार बड़ा झटका लगा है। केंद्रीय समिति के सदस्य और 20 लाख रुपये के इनामी माओवादी पसुनूरी नरहरि ने आत्मसमर्पण कर दिया है। बताया जा रहा है कि नरहरि, जिसे संतोष के नाम से भी जाना जाता है, तेलंगाना के हनमकोंडा का रहने वाला है। वह लंबे समय से झारखंड में माओवादियों की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहा था। नरहरि की पकड़ संगठन में काफी मजबूत मानी जाती थी। वह बिहार-झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी और पूर्वी क्षेत्रीय ब्यूरो में अहम जिम्मेदारियां संभाल चुका है।

## अरुण देव गौतम बने पूर्णकालिक डीजीपी

रायपुर, 16 मई। छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य की पुलिस व्यवस्था में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए सीनियर आईपीएस अधिकारी अरुण देव गौतम को राज्य का पूर्णकालिक पुलिस महानिदेशक (DGP) नियुक्त किया है। इस संबंध में राज्य शासन द्वारा आधिकारिक आदेश जारी कर दिया गया है। पूर्व डीजीपी अशोक जुनेजा के सेवानिवृत्त होने के बाद से ही 1992 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी अरुण देव गौतम प्रभारी डीजीपी के रूप में विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। पिछले 14 महीनों के बेहतरीन कार्यकाल के बाद अब सरकार ने उन्हें पूर्णकालिक रूप से छत्तीसगढ़ पुलिस बल का मुखिया नियुक्त किया है। यह निर्णय ऐसे समय में आया है जब सुप्रीम कोर्ट ने डीजीपी की स्थाई नियुक्ति को लेकर संघ लोक सेवा आयोग से जवाब तलब किया था। इसके बाद यूपीएससी ने छत्तीसगढ़ सरकार को नोटिस भेजकर पूर्णकालिक डीजीपी की नियुक्ति पर जवाब मांगा था, जिसके अनुपालन में राज्य सरकार ने यह आदेश जारी किया। अरुण देव गौतम उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले के मूल निवासी हैं और 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। उनके नाम छत्तीसगढ़ में सबसे लंबे समय तक गृह सचिव के पद पर रहने का रिकॉर्ड भी दर्ज है।अपने उत्कृष्ट सेवा करियर के दौरान उन्हें कई प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा जा चुका है:



### अमेरिका ने आईएसआईएस के टॉप कमांडर अबू-बिलाल को मार गिराया

**वाशिंगटन, 16 मई।** अमेरिका ने ग्लोबल टेररिज्म के खिलाफ बड़ा एक्शन लेते हुए आईएसआईएस के टॉप कमांडर अबू-बिलाल को मार गिराने का दावा किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट के माध्यम से इस ऑपरेशन के बारे में बताया। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उनके आदेश पर अमेरिकी फौज और नाइजीरिया की सेना ने जॉइंट ऑपरेशन में बेहद कठिन मिशन को अंजाम दिया। ट्रंप के मुताबिक, अबू-बिलाल अल-मिनुकी आईएसआईएस का ग्लोबल लेवल पर दूसरा सबसे बड़ा कमांडर था और वह अफ्रीका में पनाह लेकर टेरर एक्टिविटीज को ऑपरेट कर रहा था। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियों के पास आतंकी अल-मिनुकी के ठिकानों और गतिविधियों की जानकारी थी, जिसके चलते ही इस ऑपरेशन को कामयाबी से अंजाम दिया गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि अबू-बिलाल अल-मिनुकी अफ्रीका में आतंकवाद फैलाने के साथ-साथ अमेरिकियों को टारगेट करने की साजिशों में भी शामिल रहा था। माना जा रहा है कि अल-मिनुकी के मारे जाने से आईएसआईएस के ग्लोबल नेटवर्क और ऑपरेशनल क्षमता को तगड़ा झटका लगा है। ट्रंप ने इस ऑपरेशन में सहयोग के लिए नाइजीरिया की सरकार को भी शुक्रिया कहा है।

## सीएम ने किया ग्राम कोसला का औचक निरीक्षण

**जांजगीर चांम्पा, 16 मई।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पामगढ़ विकासखंड के ग्राम कोसला का औचक निरीक्षण किया। ग्राम पहुंचने पर मुख्यमंत्री ने सबसे पहले माँ कौसल्या माता मंदिर में दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस दौरान जिले के प्रभारी मंत्री एवं वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने पीपल के पेड़ के नीचे खाट पर बैठकर ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाई और उनकी समस्याएं सुनीं। इसके बाद गांव का दौरा करते हुए जमीनी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।मुख्यमंत्री का हेलिकॉप्टर जैसे ही कोसला में उतरा, प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। अधिकारी तत्काल सक्रिय नजर आए, वहीं ग्रामीणों में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और उनकी वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। बताया जा रहा है कि सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री लगातार अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंचकर व्यवस्थाओं की हकीकत परख रहे हैं, ताकि आम जनता को योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। इस औचक निरीक्षण के बाद प्रशासनिक महकमे में हलचल तेज हो गई है और अधिकारियों की जवाबदेही भी बढ़ गई है।

### राजधानी में रेप और पास्को के मामले बढ़े, 27 स्पेशल कोर्ट का गठन

**बिलासपुर, 16 मई।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में बच्चों के शोषण और दुष्कर्म के मामलों की संख्या को देखते हुए विधि विधायी विभाग ने सबसे ज्यादा 4 केंद्र पोषित विशेष अदालतो का गठन किया हैं। ये केवल बच्चों के शोषण से जुड़े मामलों की सुनवाई करेंगी। राजधानी के बाद न्यायधानी बिलासपुर में 2 विशेष अदालतें गठित की गई है। विधि विधायी विभाग ने पॉक्सो और दुष्कर्म के मामलों में शीघ्र न्याय के लिए छत्तीसगढ़ में 27 विशेष अदालतों के गठन कर दिया है। बच्चों के खिलाफ होने वाले यौन अपराधों और बलात्कार के मामलों की जल्द सुनवाई और पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाने के लिए राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। विधि एवं विधायी कार्य विभाग ने प्रदेश में संचालित होने वाली विशेष अदालतों को नए सिरे से अधिसूचित कर दिया है। जारी अधिसूचना के अनुसार राज्य में 27 स्पेशल कोर्ट का गठन कर दिया गया है। बजट के मद्देनजर, राज्य पोषित और केंद्र पोषित दो श्रेणियों में बांटा गया है।

ईंधन बचाने सुप्रीम कोर्ट की पहल

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कामकाज पर बल

**नई दिल्ली, 16 मई।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के ईंधन बचाने के उपायों के अनुपालन में महत्वपूर्ण प्रशासनिक कदम उठाया हैं। 15 मई को जारी एक सर्कुलर में कोर्ट के सेक्रेटरी जनरल भारत पराशर ने बताया कि ये फैसले कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के 12 मई के ऑफिस मेमोरैंडम के आधार पर लिए गए हैं। यह मेमोरैंडम अमेरिका-ईरान टकराव के बाद उत्पन्न ईंधन संकट को देखते हुए जारी किया गया था।



नए दिशा-निर्देशों के अनुसार, सोमवार और शुक्रवार जैसे 'विविध दिनों' पर सूचीबद्ध सभी मामलों और आंशिक कार्य दिवसों पर निर्धारित मामलों की सुनवाई अब अगले आदेश तक केवल वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए से ही होगी। सर्कुलर में रजिस्ट्रारों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वह समय पर वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग लिंक उपलब्ध कराए, इंटरनेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित करे और सुनवाई के दौरान न्यायाधीशों को किसी भी तकनीकी परेशानी से बचाने के लिए तत्काल सहायता प्रदान करे। इसके अलावा, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने सर्वसम्मति से फैसला लिया है कि वे आपस में कार-पूलिंग की व्यवस्था को प्रोत्साहित करेंगे। रजिस्ट्री की हर ब्रांच या सेक्शन में 50 प्रतिशत तक कर्मचारियों को हफ्ते में अधिकतम दो दिन 'वर्क-फ्रॉम-होम' की छूट भी दी गई है। हालांकि, सर्कुलर में साफ किया गया है कि न्यायालय का काम बिना किसी रुकावट के जारी रहे, इसलिए ऑफिस में पर्याप्त स्टाफ मौजूद रहना जरूरी होगा। रजिस्ट्रारों को निर्देश दिया गया है कि वे हफ्ते का रोस्टर पहले से तैयार रखें। घर से काम करने वाले कर्मचारियों को फोन पर उपलब्ध रहना होगा और जरूरत पड़ने पर तुरंत ऑफिस पहुंचने के लिए तैयार रहना होगा। अधिकारियों को यह भी जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वे सौंपे गए सभी काम समय पर पूरे करवाएं। अगर किसी ब्रांच की कार्य प्रकृति ऐसी है कि वहां वर्क-फ्रॉम-होम संभव नहीं है, तो संबंधित अधिकारी इस व्यवस्था को सीमित कर सकते हैं।

## खनन माफियाओं पर शिकंजा, 14 ओवरलोड हाइवा जब्त

**आरंग, 16 मई।** छत्तीसगढ़ की जीवनदायिनी महानदी का सीना चीरकर अवैध कमाई में जुटे रेत माफियाओं के खिलाफ रायपुर खनिज विभाग ने अब तक की सबसे बड़ी और निर्णायक कार्रवाई की है. रायपुर कलेक्टर के सख्त आदेश और खनिज प्रशासन के उप संचालक राजेश मालवे के कड़े तेवरों के बाद विभाग ने आरंग-खरोरा मुख्य मार्ग पर ग्राम रानीसागर में आधी रात को बड़ी नाकेबंदी की. इस हाई-प्रोफाइल ऑपरेशन में अवैध रेत से लदे 14 भारी-भरकम हाइवा वाहनों की जब्ती की गई. इस कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है. जानकारी के मुताबिक, खनिज विभाग को पिछले कुछ समय से रंग क्षेत्र से रात के अंधेरे में बड़े पैमाने पर रेत तस्करी के लगातार इनपुट्स मिल रहे थे. सूचना की तस्दीक होते ही खनिज निरीक्षकों की टीम ने ग्राम रानीसागर के पास नाकेबंदी की. जैसे ही रेत से भरे हाइवा वाहनों का काफिला वहां से गुजरा, टीम ने उन्हें रोक लिया. जब चालकों से वैध दस्तावेज, रॉयल्टी रसीद और पीटपास (परिवहन पास) की मांग की गई, तो वे सकपका गए. बिना किसी वैध कागजात के शासकीय संपदा की चोरी कर जा रहे इन सभी 14 हाइवा वाहनों को तुरंत जब्त कर लिया गया. सभी वाहनों को खरोरा थाना परिसर में सुपुर्द कर दिया गया है. इन सभी वाहन स्वामियों और अवैध कारोबारियों के खिलाफ खनिज अधिनियम के तहत भारी जुर्माने और कानूनी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है. प्रशासन ने साफ कर दिया है कि यह कोई एक दिन की कार्रवाई नहीं है. पिछले 15 दिनों से खनिज विभाग चौबीसों घंटे एक्शन मोड में काम कर रहा है. विभाग ने रेत के इस काले कारोबार पर तीनतरफा वार किया है, जिसमें नदी के प्रतिबंधित क्षेत्रों में मशीनों की एंट्री रोकने, मुख्य और चोर रास्तों पर अचानक जांच करने और गांवों के पास बिना अनुमति जमा की गई लाखों रुपए की रेत की जांच करने जैसी कार्रवाई असरदार साबित हो रही है. इस बैक-टू-बैक एक्शन ने माफियाओं के पूरे सिंडिकेट और उनकी आर्थिक रीढ़ को तोड़कर रख दिया है. रेत माफियाओं के हौसले इस कदर बुलंद थे कि उन्होंने आरंग क्षेत्र में महानदी की प्राकृतिक संरचना को पूरी तरह तबाह कर दिया है. अंधाधुंध और बेतरतीब ढंग से की गई खुदाई के कारण नदी ने अपना रास्ता बदलना शुरू कर दिया है. नदी के गहरे होने से तटीय गांवों का वाटर लेवल (भूजल स्तर) तेजी से गिर रहा है. ग्रामीणों का कहना था कि भारी वाहनों के कारण सड़कें बर्बाद हो रही थीं और धूल का गुबार उड़ रहा था. प्रशासन की इस कड़क कार्रवाई के बाद अब ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है. रेत माफियाओं के रसूख और टकराव की आशंका को देखते हुए इस ऑपरेशन को बेहद गोपनीय और मुस्तैदी से अंजाम दिया गया. इस साहसिक कार्रवाई में खनिज विभाग की पूरी टीम ने रात भर मोर्चा संभाला, जिसमें मुख्य रूप से खनिज निरीक्षक प्रवीण नेताम और प्रीति सिन्हा, सुपरवाइजर सुनील दत्त शर्मा, विभागीय टीम संतोष पवार, रूपेंद्र चंद्राकर, रिजवान खान, लीलेश्वर मानिकपुरी, राजू बर्मन (सैनिक) शामिल रहे. खनिज विभाग के उपसंचालक राजेश मालवे ने कहा कि कलेक्टर महोदय के स्पष्ट निर्देश हैं कि अवैध उत्खनन और परिवहन पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए. महानदी के स्वरूप से खिलवाड़ और राजस्व की चोरी करने वाले किसी भी रसूखदार को बख्शा नहीं जाएगा.

20वीं तीरंदाजी विश्वकप 2026, दीपिका के साथ टीम इंडिया ने जीता स्वर्ण

## भारत की सर्वकालीन सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट को नमन

✍ **जसवंत क्लाडियस**

खेलकूद की दुनिया ने आज विशाल रूप ले लिया है। नये खेलों का आविष्कार लगातार हो रहा है। हमारे देश में एकल, युगल और टीम खेल सभी तरह की स्पर्धा होती है। इसमें आमतौर पर एकल प्रतियोगिता के विजेता को सबसे अधिक प्रतिभाशाली खिलाड़ी माना जाता है। क्योंकि सफलता या असफलता के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होता है। अगर 1896 को भारत के लिए एकल, युगल या टीम खेल में, प्रदर्शन को आधार मान लिया जाए तो 1947 में स्वतंत्रता के पूर्व कोई एक खिलाड़ी व्यक्तिगत खेलों पर भारी पड़ते दिखाई देते हैं तो वे हैं कोलकाता के ब्रिटिश भारतीय एथलीट नार्मन प्रिचर्ड (1875-1929)। जिन्होंने 1900 पेरिस ओलंपिक खेलों में 200 मी. तथा 200 मी. बाधा दौड में भारत के लिए दो रजत पदक जीते। इसके पश्चात टीम खेल याने हॉकी, क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो आदि में भारतीय खिलाडि़यों ने विश्व विजेता बनने का गौरव हासिल किया। दूसरी तरफ एकल या युगल या तीन खिलाडि़यों की प्रतिस्पर्धा पर नजर डालें तो शतरंज में विश्वनाथन आनंद, तीरंदाजी में दीपिका कुमारी, बैडमिंटन में पीटी ऊषा, टेनिस में लिएंडर पेस, मुक्केबाजी में एमसी मेरीकाम, निशानेबाजी में अभिनव बिंद्रा, मनु भाकर, भारोत्तोलन में मीराबाई चानू, कुश्ती में सुशील कुमार का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है। उपरोक्त में से सिर्फ तीन खिलाड़ी हैं . शतरंज के विश्वनाथन आनंद 1982 से अब तक याने लगभग 43 वर्ष तक देश को अपनी सेवा दे रहे हैं। टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ने 1988 से 2022 तक 44 वर्ष तक देश को अपनी सेवा दी है। तथा तीरंदाज दीपिका कुमार 2005 से अब तक याने 21 वर्षों से इस खेल के माध्यम से भारत का नाम रोशन कर रहीं हैं। वास्तव में इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि उपरोक्त तीनों खेलों के संसार में भारत की आन, बान और शान हैं। वर्तमान में तीरंदाज दीपिका कुमारी को विश्व तीरंदाजी प्रतियोगिता में लगातार मिल रही सफलता हमारे देश के प्रत्येक नागरिक के लिए गौरव की बात है। समाज के बहुत ही पिछड़े वर्ग से आने वाली, आर्थिक कमियों के बावजूद दीपिका की विश्व स्तर पर उपलब्धि की जानकारी इस देश के बच्चों, किशोरों व नौजवानों को होना चाहिए। तीरंदाजी एक ऐसा खेल है जिसमें थोड़ी सी चूक या गलत पूर्वानुमान आपके सपनों को चूर-चूर कर सकता है। सिर्फ 11-12 वर्ष की उम्र जो कि बच्चों के आनंद मनाने का समय होता है उसी दौर 2005 में दीपिका ने तीरंदाजी के खेल को अपना कैरियर बनाने का निर्णय लिया और कम उम्र में अपने आप पर नियंत्रण करके पूरा ध्यान धनुष से छोड़े गये बाण को लक्ष्य भेदने में लगा दिया। गांव के माहौल से अलग होकर शहर के तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र के रहन-सहन, खान पान में अपने आपको ढालना किसी तपस्या से कम नहीं। दीपिका ने मिले अवसर का भरपूर लाभ उठाया। तीरंदाजी में धैर्य व संयम का योगदान महत्वपूर्ण होता है। मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि मैं राष्ट्रमंडल खेल 2010 में डीडी स्पोर्ट्स के लिए तीरंदाजी स्पर्धा की लाइव कामेंट्री सुना रहा था तब दीपिका ने मेरे आंखों के सामने सिर्फ 15 वर्ष की उम्र में महिला रिकर्व का स्वर्ण और टीम का स्वर्ण पदक याने दो पदक जीतकर इतिहास बनाया। सफलता के इस क्रम को दीपिका ने जारी रखा और 2006 से अब तक व्यक्तिगत और टीम रिकर्व के अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में 21 स्वर्ण, 22 रजत तथा 15 कांस्य अर्थात् कुल 58 अंतर्राष्ट्रीय पदक जीतकर भारत का नाम रौशन किया है। हाल ही में 2026 के तीरंदाजी विश्वकप में शिंघाई में रिकर्व महिला टीम का स्वर्ण पदक अंकित भगत, कुमकुम अनिल के साथ मिलकर जीता। इस तरह आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि तीरंदाजी जैसे खेल में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 58 पदक जीतने वाली झारखंड, रांची की दीपिका कुमारी महिला व पुरुष दोनों में भारत की सर्वकालीन सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट हैं।

## डिफॉल्ट बेल को चुनौती, राज्य सरकार की अपील खारिज

**बिलासपुर, 16 मई।** नारायणपुर के चर्चित नक्सल प्रकरण में आरोपियों को मिली डिफॉल्ट बेल को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की अपील को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है. कोर्ट ने कहा कि सिर्फ सरकारी प्रक्रियाओं और फाइलों के लंबित रहने का हवाला देकर देरी माफ नहीं की जा सकती. मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति रविंद्र कुमार अग्रवाल की खंडपीठ ने 182 दिन की देरी को अस्पष्टीकृत और लापरवाहीपूर्ण मानते हुए अपील को समयसीमा से बाधित बताते हुए खारिज कर दिया. दरअसल, मामला नारायणपुर जिले के ओरछा थाना में दर्ज अपराध से जुड़ा है. इस केस में चंपा कर्मा, मांगी मंडावी, संकू मंडावी और लच्छू मंडावी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, आर्म्स एक्ट और गैरकानूनी गतिविधि (निवारण) अधिनियम (यूएपीए) की गंभीर धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था. विशेष न्यायाधीश, एनआईए एक्ट एवं अनुसूचित अपराध न्यायालय, नारायणपुर ने 11 सितंबर 2025 और 24 सितंबर 2025 को आरोपियों को डिफॉल्ट बेल दे दी थी. राज्य सरकार ने इस आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में अपील दाखिल की, लेकिन यह अपील निर्धारित समयसीमा से 182 दिन की देरी से दायर हुई. राज्य की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि विधि एवं विधायी कार्य विभाग से प्रस्ताव आने, शासन की मंजूरी मिलने, दस्तावेज जुटाने और फाइल प्रक्रिया पूरी होने में समय लगा. उन्होंने कहा कि शासन एक बहुस्तरीय व्यवस्था है, जहां विभागीय औपचारिकताओं के कारण विलंब हो गया.

## एक नजर

### डीजल महंगा हुआ तो बाजार में टमाटर लौकी सब्जी भी हुई महंगी



**भिलाई 16 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** डीजल महंगी होते ही मार्केट में टमाटर चालीस से पचास रुपया हुआ ओर लौकी तीस से चालीस रुपया हुआ । रिसाली प्रगति नगर में सब्जी खरीदते हुए ग्राहकों को आभास होने लगा की अब शायद ओर भी सब्जी मंहगी होगी । इसलिए लोगों ने एक या दो किलो टमाटर खरीदते हुए दिखे । सवाल यह है की गरीब आदमी सब्जी कैसे इस महंगाई में खाएगा । चुनाव में सब कुछ नॉर्मल लेकिन चुनाव खत्म होते ही सरकार महंगाई बढ़ा देती है आम आदमी परेशान रहता है ।

### कबीरधाम जिले के पेट्रोल पंपों में आसानी से मिल रहा है पेट्रोल

**कवर्धा 16 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कबीरधाम जिले में पेट्रोल पंप में शुरुवात में कवर्धा में कही कही भीड़ थी लेकिन अच्छे से पेट्रोल मिल रही है । पेट्रोल पंप संचालक चंद्रशेखर चंद्रवंशी ने कहा की बाइक में तीन सो रुपया तक का पेट्रोल दिया जा रहा है ओर आशा फ्यूल्स संचालक श्याम तंबोली ने बताया की बाइक में लगभग दो सो रुपया तक पेट्रोल दी जा रही है ओर जी श्याम फ्यूल्स संचालक घनश्याम प्रसाद गुप्ता ने कहा की पेट्रोल की कोई कमी नहीं है जितना चाहिए उतना पेट्रोल दी जा रही है । बिजनेस मैन आनंद चंद्रवंशी ने कहा की पेट्रोप पंप में कल सभी को पेट्रोल वितरित की गई लेकिन अभी स्टोक की कमी है दोपहर शाम तक पेट्रोल आ जाएगी । अनुराग वाजपेई ने बताया की 200 रुपया का पेट्रोल मिली । ओर कई लोगों ने बताया की बाइक में दो सो रुपए की पेट्रोल कवर्धा में मिल रही है । लेकिन कवर्धा से भिलाई या रायपुर जाना है बाइक में तो लोग बाइक से नहीं बस से आने में अच्छा महसूस कर रहे है क्योंकि दो सो रुपया के पेट्रोल से कवर्धा से भिलाई रायपुर नहीं पहुंचा जा सकता । कवर्धा शहर के आसपास के लिए दो सो रुपया का पेट्रोल मिलना बहुत अच्छा है क्योंकि पेट्रोल से चलने वाली गाड़ी का इतना ही प्रयोग करना चाहिए जितना उचित है ।

### मोटर साइकिल चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई 16 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एक्टिवा वाहन को चोरी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुरानी भिलाई टीआई अंबर सिंह भारद्वाज ने बताया कि विश्व बैंक कालोनी वार्ड 7 भिलाई तीन निवासी रूद्राक्ष सिंह राजपूत अपने मित्र के विवाह कार्यक्रम में शामिल होने श्याम नगर गया था कार्यक्रम से लौटते समय रात 12:30 बजे विश्व बैंक कॉलोनी स्थित दुर्गा मंच के पास अपनी एक्टिवा सीजी 07 सीएम 2885 खड़ी कर बाथरूम करने गया था तभी वाहन गायब हो गया आसपास खोजबीन करने पर एक्टिवा नहीं मिलने पर शिकायत पुलिस में किया। पुलिस को मुखबिर ने सूचना देने पर टीम सिरसा गेट के पास घेराबंदी कर आरोपी घासीदास नगर भिलाई तीन निवासी संजय महिपाल को पकड़ा गया पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि एक्टिवा को नूतन चौक मुक्तिधाम के पीछे झाड़ियों में छुपाकर रखना स्वीकार किया।

### स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारी तेज, नाला सफाई अभियान युद्ध स्तर पर

**भिलाई, 16 मई ।** वैशाली नगर क्षेत्र अंतर्गत आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए नाला सफाई अभियान युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है। निगम द्वारा क्षेत्र के प्रमुख नालों एवं जल निकासी मार्गों की नियमित साफ-सफाई कराई जा रही है, जिससे आम नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध हो सके। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार सफाई कर्मियों की टीम लगातार मैदान में उतरकर नालों से गंदगी एवं कचरा हटाने का कार्य कर रही है। सफाई अभियान के माध्यम से जलभराव की समस्या को रोकने तथा स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# वैशालीनगर कॉलेज के जल वितरण कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने उत्साह से की सेवा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 16 मई ।** इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, वैशाली नगर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राहगीरों एवं आमजन को राहत प्रदान करने हेतु शीतल पेयजल सेवा एवं जल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह सेवा कार्य महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अल्का मेश्राम के मार्गदर्शन एवं संरक्षण तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार ठाकुर के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में दलनायक सुशील शेट्टी के विशेष प्रयास अत्यंत सराहनीय रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ. नमिता गुहा राय, डॉ. नीता डेनियल एवं डॉ. मेरिली रॉय डॉ एम एस पटेल सहित कार्यालयीन कर्मचारियों का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेवक ललित कुमार एवं रीमा चंदेल ने सक्रिय भूमिका निभाई। साथ ही स्वयंसेवक विधि, साक्षी, तान्या एवं अन्य स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराया।



कार्यक्रम में संतोष अग्रवाल, खेमराज चंद्राकर, के. के. यादव एवं रूपेश परमार की उपस्थिति रही।

महाविद्यालय की प्राचार्य के द्वारा एनएसएस स्वयंसेवकों के सेवा भाव, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व भावना की सराहना की। स्वयंसेवकों ने लोगों को गर्मी में स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, अधिक पानी पीने एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश भी दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल उद्देश्य नॉट में बट यू अर्थात स्वयं से पहले आप की भावना को समाज में स्थापित करना है, जिसे महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने अपने सेवा कार्यों के माध्यम साकार किया।

# जल संरक्षण जन आंदोलन तभी बढ़ेगा भूजल: राज्यपाल रमेन डेका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 16 मई।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कबीरधाम जिले में वर्षा जल संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों को व्यापक स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण को जन अभियान का रूप देना आवश्यक है, तभी वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों को भूजल संकट से बचाया जा सकेगा। बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा और पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा भी उपस्थित रहीं।राज्यपाल श्री डेका ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिलास्तरीय समीक्षा बैठक में कहा कि वर्षा जल प्रकृति का मुफ्त संसाधन है, जिसे सहेजकर न केवल वर्तमान जरूरतें पूरी की जा सकती हैं बल्कि भूजल स्तर को भी बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने प्रत्येक पक्के भवन और प्रधानमंत्री आवास में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने पर जोर दिया। साथ ही खेतों में डबरी निर्माण कर वर्षा जल संरक्षण की दिशा में कार्य करने तथा प्रारंभिक स्तर पर बड़े किसानों को इसके लिए प्रोत्साहित करने की बात कही।

राज्यपाल श्री डेका ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर ÷एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान के तहत व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केवल पौधरोपण ही नहीं बल्कि



उनका संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है, जिससे जिले का फॉरेस्ट कवर बढ़ सके। उन्होंने शहरी क्षेत्रों में भी वृक्षारोपण बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों को अपनाने, किसानों को प्रशिक्षण देने, जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा हाइड्रोपोनिक्स और ड्रिप इरिगेशन जैसी आधुनिक कृषि पद्धतियों पर बड़े स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता बताई।

पीएम जनमन योजना की समीक्षा करते हुए राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि योजना का उद्देश्य विशेष पिछड़ी जनजातियों के सामाजिक और आर्थिक जीवन में सुधार लाना है। उन्होंने आवास, सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए योजना के लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए।स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान उन्होंने टीबी मरीजों के उपचार, पोषण आहार उपलब्धता तथा मल्टीपल (एमडीआर) टीबी मरीजों को उच्च चिकित्सा केंद्रों में रेफर कर समुचित उपचार सुनिश्चित करने पर बल दिया। महिलाओं में स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने और नियमित स्क्रीनिंग कैंप आयोजित करने के भी निर्देश दिए। राज्यपाल ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा एम्स के साथ एमओयू किया गया है, जिसके तहत मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों का निःशुल्क उपचार किया जा रहा है। उन्होंने अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ दिलाने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने रेड क्रॉस वार्षिक सदस्यता अभियान को बढ़ाने पर भी जोर दिया और कहा कि लोगों की छोटी-छोटी मदद किसी का जीवन बदल सकती है।राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि हर जिले और विकासखंड की अपनी अलग पहचान होनी चाहिए, जो योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव के माध्यम से स्थापित की जा सकती है। उन्होंने अधिकारियों से अपने कार्यक्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर लोगों के जनजीवन में वास्तविक परिवर्तन लाने की बात कही।बैठक में कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने जिले में चल रहे नवाचारों की जानकारी दी। सभी विभाग प्रमुखों ने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की जानकारी दी। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेंद्र सिंह, डीएफओ श्री निखिल अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक अग्रवाल, एडीएम श्री विनय पोयाम, अपर कलेक्टर श्री नरेंद्र पैंकरा सहित सभी एसडीएम व विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सालों से जब्त 15 हजार लीटर से अधिक शराब को किया नष्ट



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई 16 मई।** जिले के अलग-अलग थानों और पुलिस चौकियों में कई सालों से जब्त शराब रखी हुई थी पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर 15 हजार लीटर से अधिक शराब को नस्तीकरण किया गया यह कार्रवाई मिली जानकारी के मुताबिक थानों में पड़े आबकारी एक्ट और दूसरे मामलों में जब्त शराब लंबे समय से मलखाने में जमा थी इन में कई मामले ऐसे थे जिनका फैसला न्यायालय से हो चुका था, लेकिन शराब अब तक थानों में ही रखी हुई थी। करीब 10 साल से जमा शराब के कारण थाना परिसरों में काफी जगह घिर गई थी दुर्ग पुलिस ने इस समस्या को देखते हुए विशेष कमेटी बनाई सभी थानों में रखी जब्त शराब का रिकॉर्ड तैयार किया इस के बाद न्यायालय से अनुमति लेकर नष्टीकरण की प्रक्रिया शुरू की गई कुल 480 मामलों में जब्त करीब 15119.976 बल्क लीटर शराब को नियमों के तहत नष्ट किया गया अनुमानित कीमत करीब 65 लाख रुपए बताई गई है लोगों को भी असहज लगता कई जगहों पर मलखाने में इतनी शराब जमा हो गई थी कि सामान रखने के लिए पर्याप्त जगह नहीं बची थी। शराब नष्ट होने के बाद अब थानों में अतिरिक्त जगह उपलब्ध होगी। इस जगह का इस्तेमाल बैठने और दूसरे जरूरी कामों के लिए किया जा सकेगा। थानों में लंबे समय से रखी शराब से तेज बदबू फैल रही थी। इससे थाने में काम करने वाले पुलिस कर्मियों को परेशानी हो रही थी। वहीं शिकायत लेकर आने वाले लोगों को भी असहज स्थिति का सामना करना पड़ता था।

## शिविर में मिले 145 आवेदन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जामुल 16 मई।** सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत 14 मई को पालिका जामुल के वार्ड 09 प्राथमिक शाला जामुल में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें वार्ड क्र. 05, 07, 09, 10 के आवेदकों द्वारा 101 मांग एवं 44 शिकायत संबंधी कुल 145 आवेदन प्रस्तुत किये गये । इसके अतिरिक्त 24 आवेदनों का आधार अपडेशन किया गया, आयुष्मान योजनांतर्गत 03 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया इसके साथ ही महतारी वंदन योजना के 10 हितग्राहियों का ई.के.वाई.सी. किया गया। परिवहन विभाग द्वारा 51 लर्निंग लायसेंस प्रदान किया गया, मोबाईल मेडिकल युनिट द्वारा 37 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। महिला बाल विकास द्वारा गर्भवती महिलाओं का गोद भराई का रस्म किया गया। आयोजित शिविर में नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व महेश सिंह राजपूत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रमाकांत साहू, नायब तहसीलदार कुंदन शर्मा, पार्षदगण दीपक गुप्ता, रामप्यारी वर्मा, सीमा यादव, अश्वनी साहू, चुम्मन वर्मा, संजय देशलहरे सहित नोडल अधिकारी सचिन भागवत, सहायक नोडल अधिकारी हरीश साहू सहित ब्लॉक स्तर के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे ।

# ट्रैफिक पुलिस पर कार चढ़ाने का प्रयास करने वाले दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई 16 मई।** कुम्हारी टोल प्लाजा के पास वाहन चेकिंग के दौरान ट्रैफिक पुलिस पर कार चढ़ाने का प्रयास करने वाले दो युवकों को पुलिस ने पीछा कर भिलाई-3 के सिरसा गेट के पास पकड़ लिया कार में दो युवतियां भी मिलीं पुलिस ने वाहन से नशे की सामग्री और अन्य संदिग्ध वस्तुएं बरामद की हैं मामले में आरोपियों के खिलाफविभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है पुलिस ने बताया कि कुम्हारी टोल प्लाजा के पास ट्रैफिक पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान एएसआई सुशील पांडेय और आरक्षक रमेश चंद्राकर रायपुर-दुर्ग मार्ग पर तैनात थे। करीब 12.40 बजे नागपुर पासिंग कार (एमएच-02 एवाई 3475) तेज रफ्तार में आती दिखाई दी, जिसमें ब्लैक फिल्म लगी हुई थी। चलाया जा रहा था। यातायात पुलिसकर्मियों ने कार चालक को रुकने का संकेत दिया, लेकिन चालक ने वाहन की गति और बढ़ा दी आरोप है कि चालक ने कार आरक्षक रमेश चंद्राकर की ओर मोड़ दी और उन्हें कुचलने का प्रयास किया खुद को बचाने के दौरान आरक्षक के हाथ की उंगली में चोट आई और



वह सड़क पर गिर पड़े पुलिस के मुताबिक आरोपी वाहन को आरक्षक के सिर की ओर बढ़ाने का प्रयास कर रहे थे, सतर्कता के कारण बड़ा हादसा टल गया एनएच-53 समेत विभिन्न चौक-चौराहों पर नाकेबंदी की गई। ट्रैफिक पुलिस ने कार का पीछा करते हुए सिरसा गेट, भिलाई-3 के पास वाहन को रोक लिया कार में नागपुर निवासी रमजान और जाकिर मोहम्मद सवार थे उनके साथ दो युवतियां भी मिलीं पुलिस के अनुसार वाहन की तलाशी लेने पर नशे की सामग्री और कई संदिग्ध वस्तुएं बरामद हुई कार की दोनों सीटों के बीच एक हिडन चेंबर भी मिला है पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 109(1), 221, 3(5) तथा मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 और 100 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया युवतियों को सखी सेंटर भेजा गया पुलिस ने दोनों युवतियों से पूछताछ की, लेकिन उनकी स्थिति सामान्य नहीं थी और वे स्पष्ट रूप से कुछ बता नहीं पा रही थीं। पुलिस ने उनके परिजन को सूचना दी फिलहाल दोनों युवतियों को दुर्ग स्थित सखी सेंटर में रखा गया है।

### सड़क हादसे में नाबालिग की मौके पर मौत

**भिलाई 16 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सड़क हादसे में एक नाबालिग की मौके पर मौत होने का मामला सामने आया है जामुल टीआई रामेंद्र सिंह ने बताया कि अहिवारा



टाउनशिप वार्ड-11 निवासी मोहम्मद अरमान 10वीं की परीक्षा पास किया अरमान अपने दोस्त शेख तैयब के साथ बाइक से अहिवारा के टाउनशिप से भिलाई की ओर जा रहा था। इसी दौरान जामुल थाना क्षेत्र के नवतरिया के पास बाइक हादसे का शिकार हो गई मौके पर ही अरमान की मौत हो गई जब कि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया जामुल थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा गया है मृतक के परिजनों का कहना है कि हादसे के पीछे बोलेरो वाहन की टक्कर भी वजह हो सकती है। परिवार का आरोप है कि किसी बोलेरो चालक ने बाइक को टक्कर मारी जिसके बाद यह हादसा हुआ?

## शासकीय महाविद्यालय उतई एवं भिलाई महिला महाविद्यालय के बीच एमओयू हस्ताक्षरित



**उतई 16 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय उतई एवं भिलाई महिला महाविद्यालय, भिलाई के बीच पाँच वर्षों के लिए एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित किए गए हैं।इसके अनुरूप दोनों महाविद्यालयों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का समय-समय पर आदान-प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही शिक्षकों के गुणवत्ता विकास के लिए शोध कार्य एवं शोध कार्य को बढ़ावा देने के लिए संगोष्ठी एवं कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा।दोनों महाविद्यालय साथ मिलकर कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों के विकास के लिए कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इस प्रकार दुर्ग जिले के दो महत्वपूर्ण शिक्षण संस्थानों के बीच एक नये संस्थागत संबंध का विकास होगा एवं विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को ज्ञानात्मक विकास के लिए अवसर प्राप्त होगा।इस अवसर पर उतई महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.पी. कुर्रे ने कहा कि हर संस्था में कुछ अच्छे शिक्षक] विद्यार्थी] प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय की अलग तरह की सुविधाएँ उपलब्ध रहती हैं] जिसके आपसी आदान-प्रदान से दोनों संस्थाओं के ज्ञानात्मक विकास में मदद मिलेगी।इस समझौते में दोनों महाविद्यालयों के प्राचार्य के साथ वरिष्ठ प्राध्यापक उपस्थित थे।

एचएससीएल कालोनी स्टेशन मरोदा में 14 वार्डों के लिए आयोजित

# सुशासन शिविर में विधायक चंद्राकर ने समूह को वितरित किया चार लाख रुपए का चेक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रिसाली 16 मई।** एचएससीएल कालोनी स्टेशन मरोदा में 14 वार्डो के लिए नगर निगम रिसाली के सुशासन शिविर में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने महिला कोष अंतर्गत कुल चार लाख रुपए का चेक वितरण किया। इस राशि से जागृति स्व सहायता समूह और विजयता धीवर लघु उद्योग स्थापित करेंगी। शिविर में संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर और दुर्ग रेंज के आईजी अभिषेक सांडिल विशेष रूप से उपस्थित थे। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने रिसाली निगम द्वारा लगाए शिविर में कहा कि डबल इंजन सरकार हर बार आपके द्वार आती है और समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास करती है। वार्डों और घरों तक पहुंचने का शिविर एक माध्यम है। शिविर के माध्यम से न केवल जनप्रतिनिधि बल्कि उच्च अधिकारी आप लोगों के समक्ष उपस्थित रहकर आपके द्वारा बताए शिकायतों का निराकरण निर्धारित समयावधि में पूरा करते है। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि सुशासन शिविर में संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर एवं दुर्ग रेंज के आईजी अभिषेक शांडिल्य शिविर में मौजूद है। उनकी ही निगरानी पर यह शिविर संपादित हो रहा है। उन्होंने छत्तीसगढ़ महिला कोष अंतर्गत विजयता धीवर को सिलाई कार्य और



दस सद्स्य वाली जागृती स्व सहायता समूह को आचार पापड़ उद्योग लगाने दो-दो लाख रूपए का चेक वितरण किया। शिविर में नगर पालिक निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा ने अतिथियों का स्वागत कीं। वहीं मंच पर निगम के सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी रंजीता बेनुआ, सनीर साहू, पार्षद गजेन्द्री कोठारी, रेखा देवी, ममता सिन्हा, सोनिया देवांगन, धर्मेन्द्र भगत, मण्डल अध्यक्ष राजू जंघेल आदि उपस्थित थे। शुक्रवार को लगाए सुशासन शिविर में ललित चंद्राकर ने सड़क दुर्घटनाओं में होने वाले मौत एवं घायलों की बढ़ती संख्या को कम करने के लिए आम नागरिकों को शपथ दिलाई। विधायक और संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने क्षेत्र के 23 लोगों को वाहन चलाने लर्निंग लाइसेंस सौंपा। विधायक और संभागायुक्त समेत दुर्ग रेंज के आईजी ने शिविर में बनाए गए 70 वर्ष आयु वाले 22 वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान कार्ड सौंपा। वहीं 22 बीपीएल परिवार के सद्स्यों के लिए और 5 सामान्य परिवार के सदस्यों के लिए बनाए आयुष्मान कार्ड को शिविर स्थल में प्रदान किया। स्टेशन मरोदा के शिविर में कुल छुटे हुए 49 सदस्यों का स्मार्ट कार्ड बनाया गया।

### बीएसपी में 100 मिलियन टन ग्रॉस सिंटर उत्पादन का कीर्तिमान

**भिलाई, 16 मई ।** बीएसपी के सिंटर प्लांट-3 ने स्थापना काल से अब तक 100 मिलियन टन ग्रॉस सिंटर उत्पादन का ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित करने के उपलक्ष्य में समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विशेष रूप से 100 एमटी उपलब्धि को प्रतीकात्मक रूप से दर्शाते हुए केक काटकर इस सफलता का उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार रहे। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तुषार कांत, मुख्य महाप्रबंधक मनोज कुमार, मुख्य महाप्रबंधक सजीव वर्गीज, मुख्य महाप्रबंधक राहुल श्रीवास्तव सहित संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सिंटर प्लांट-3 ने मुख्य महाप्रबंधक सजीव वर्गीज तथा महाप्रबंधक प्रभारी राहुल बिजुरकर के कुशल नेतृत्व एवं सतत मार्गदर्शन में यह उपलब्धि अर्जित की।



## एक नजर

### कविता ने 93.08 प्रतिशत के साथ कामर्स क्लास में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**भाटापारा 16 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अम्बुजा विद्या पीठ रवान की छात्रा भाटापारा निवासी कविता ,नरेश मंधानी की सुपुत्री सौम्या मंधानी ने सी.बी.एस.ई. 12 बोर्ड की परीक्षा में कॉमर्स क्लास में 93.08 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि से परिवार, स्कूल व पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल रहा। ज्ञातव्य हो कि सौम्या मंधानी नगर के प्रतिष्ठित परिवार राजेश एण्ड कंपनी व सवीर प्रतिष्ठान के प्रोप्राइटर कविता नरेश मंधानी की सुपुत्री व नगर के वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार चन्दीराम ग्वालानी की नातिन हैं। सौम्या आरंभ से ही मेधावी छात्रा रही हैं जिसने 10वीं बोर्ड परीक्षा में ही अच्छा प्रदर्शन किया है।



### नीट और पीएटी एक ही दिन 21 जून को बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ : कांग्रेस

**राजनांदगांव 16 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने एन ई ई टी और पी ए टी की परीक्षा तिथि को रेखांकित करते हुए कहा कि दोनों तिथि एक होने से यह साबित हो गया कि डबल इंजन सरकार में सामंजस का अभाव है जिससे बच्चों का भविष्य खतरे में आ गया है। प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि जिस प्रकार से शिक्षा और परीक्षा की दुर्गति भाजपा सरकारो के द्वारा की जाती है लगातार नीट के परीक्षा के पेपर लिक मामले और उसी प्रकार छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा 12वीं के पेपर लीक के मामले सामने आए जिसके चलते बच्चों को मानसिक रूप से जहां प्रताड़ित होना पड़ा वहीं पालक वर्ग भी काफी परेशान है और अब नीट की परीक्षा निरस्त होने के बाद 21 जून को पुनः एन ई ई टी की परीक्षा की तिथि निर्धारित कर दी गई है जबकि 21 जून को छ ग पी ए टी की परीक्षा भी आयोजित होनी है जो साइंस फैकल्टी के बच्चे होते हैं और वे एन ई ई टी के साथ-साथ पी ए टी की भी परीक्षा फार्म जमा कर चुके हैं उन बच्चों के साथ अब दुविधा की स्थिति भाजपा की सरकार ने खड़ी कर दी है एक ही दिन में दो महत्वपूर्ण परीक्षा दोनों के सेंटर अलग अलग होने पर नौनिहाल बच्चे किस प्रकार से देंगे यह यक्ष प्रश्न है छत्तीसगढ़ की भाजपा की सरकार में थोड़ी भी नैतिकता है और बच्चों के प्रति चिंता है शिक्षा और परीक्षा के सम्मान को बरकरार रखना चाहती है तो 21 जून के पी ए टी की परीक्षा को निरस्त कर उसकी नई तिथि घोषित करें जिससे छत्तीसगढ़ के बच्चे अपने भविष्य को संवारने में पूरे तन मन से लग सके।



### सौर ऊर्जा से जगमगाया ग्राम भोथीपारखुर्द

**राजनांदगांव 16 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को अभूतपूर्व सफ्लता मिल रही है। जिला प्रशासन के प्रयासों ने योजना को ग्रामीण स्तर तक पहुंचाकर स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत किया है। इसी कड़ी में आज कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम भोथीपारखुर्द में आयोजित सूर्यसभा में शामिल हुए।

### निधन

**केशव राम साहू**

**तिल्दा नेवरा 16 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कांग्रेस के दिग्गज नेता पुर्व ब्लाक अध्यक्ष , ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तिल्दा नेवरा के पुर्व अध्यक्ष केशव राम साहू , ग्राम मानपुर (तुलसी ) तहसील तिल्दा नेवरा का दिनांक 14/05/2026 को निधन हो गया हैं , जिसका दशगात्र कार्यक्रम दिनांक 20 मई 2026 को दोपहर 12 बजे तालाब का कार्यक्रम रखा गया है। काग्रेस के दिग्गज नेता स्व साहू सदैव सादगी में रहे है पूर्व मुख्य मंत्री श्यामा चरण शुक्ला विद्या चरण शुक्ला अजीत जोगी ओर काग्रेस के पूर्व स्व दिग्गज नेता रामेश्वर गिरी के समर्थक में सदैव निष्ठा ईमानदारी से कार्य किया स्व केशव साहू जी के निधन पर अंचल के काग्रेस बीजेपी के लोगों ने शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# 26 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन, शिक्षा, खेल एवं सामाजिक सुविधाओं को मिलेगा विस्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा 16 मई।** इतवारी राम यादव शासकीय बहुउद्देशीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं शक्ति वार्ड में विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा तथा नगर पालिका परिषद भाटापारा के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंतर्गत इतवारी राम यादव शासकीय बहुउद्देशीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में ?16 लाख की लागत से अतिरिक्त कक्ष निर्माण एवं बास्केटबॉल ग्राउंड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। शक्ति वार्ड में ?10 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी संपन्न हुआ।

कुल ?26 लाख की लागत से होने वाले इन विकास कार्यों से क्षेत्र में शिक्षा, खेल एवं सामाजिक अधोसंरचना को नई मजबूती मिलने की उम्मीद व्यक्त की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि, वार्डवासी, विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



इस अवसर पर पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रही है। शिक्षा, खेल एवं आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं ताकि युवाओं एवं विद्यार्थियों को बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र का विकास वहां की शैक्षणिक एवं सामाजिक व्यवस्था की मजबूती पर निर्भर करता है और भाटापारा क्षेत्र निरंतर प्रगति की दिशा में आगे बढ़ रहा है। नगर पालिका परिषद भाटापारा के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि नगर पालिका परिषद नगर के समग्र विकास एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना तथा युवाओं को खेल सुविधाएं देना नगर के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि शक्ति वार्ड में बनने वाला सामुदायिक भवन क्षेत्रवासियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा तथा सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि नगर के सभी वार्डों में आवश्यक विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ स्वीकृत एवं क्रियान्वित किया जा रहा है।

# सांसद का समोदा में 'सुशासन' अवतार

## शिविर में मौके पर ही किया जनसमस्याओं का समाधान, लापरवाही पर अधिकारियों को फटकारा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर 16 मई।** छत्तीसगढ़ के कद्दावर नेता और रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने आज विकासखंड आरंग के समोदा स्थित शासकीय स्वामी आत्मानंद स्कूल में आयोजित 'सुशासन तिहार 2026' के अंतर्गत विशाल जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल होकर जनता की शिकायतों और आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। साथ ही विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया।

**जनता की सरकार, जनता के द्वार:** शिविर को संबोधित करते हुए श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार का मूल मंत्र 'अंत्योदय' है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब-जब कमल का फूल खिलता है, सरकार खुद चलकर जनता के पास आती है। सुशासन का अर्थ ही यही है कि आम आदमी को अपने छोटे-छोटे कामों के लिए दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें, बल्कि प्रशासन उनकी चौखट पर खड़ा मिले।

**लापरवाह अधिकारियों को कड़ी चेतावनी:** कार्यक्रम के दौरान श्री अग्रवाल ने कड़े तेवर दिखाते हुए नायब तहसीलदार की जमकर फटकार लगाई। नायब तहसीलदार के खिलाफ ग्रामीणों में गहरा आक्रोश था जिसकी शिकायत मिलने पर सांसद ने अधिकारियों को 3 दिन में प्रकरण बनाकर जांच करने के निर्देश दिए, उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा, ÷जनता की समस्या का समाधान करना ही आपका प्राथमिक कर्तव्य है। अगर कोई काम नियमतः नहीं हो सकता, तो उसे स्पष्ट लिखित में दें, लेकिन जनता को अंधेरे में न रखें।



**विकास कार्यों की तत्काल घोषणा और निर्देश:** सांसद ने जनहित में कई महत्वपूर्ण कदम उठाने के निर्देश दिए:समोदा में स्वीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को 15 दिनों के भीतर अस्थायी भवन में शुरू करने के कड़े निर्देश दिए। साथ ही बनरसी में धान मंडी के लिए उपयुक्त स्थान का चयन ग्राम सभा के प्रस्ताव के आधार पर करने को कहा। श्री बृजमोहन अग्रवाल ने ओलावृष्टि और बाढ़ राहत की रुकी हुई राशि का तत्काल भुगतान करने के निर्देश दिए। उन्होंने महतारी वंदन योजना और गैस कनेक्शन के आवेदनों को लेने में आनाकानी करने वाले कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी कि किसी भी पात्र हितग्राही का आवेदन रिजेक्ट नहीं होना चाहिए। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने वार्ड क्रमांक 9 में कैलाश सतनामी के खेत से लेकर रमेश सोनकर के खेत तक सीसी रोड का निर्माण के लिए सांसद निधि से 10 लाख रुपये देने की घोषणा की साथ ही आगनवाड़ी भवन निर्माण की घोषणा की।

सांसद बृजमोहन ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया सुशासन तिहार के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित करते हुए नवजात शिशुओं को अपने हाथों से अन्नप्राशन कराया तथा किशोरियों को हेल्थ किट वितरित की। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत 52 हितग्राहियों को उनके नए आवास की चाबी सौंपी गई। उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाले कक्षा पांचवीं एवं आठवीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समाज कल्याण एवं श्रम विभाग के माध्यम से जरूरतमंदों को ई-श्रम कार्ड एवं भवन अनुज्ञा पत्र प्रदान किए गए, वहीं राजस्व विभाग द्वारा किसानों को किसान किताब तथा ग्रामीणों को आय प्रमाण पत्र वितरित किए गए। परिवहन विभाग की ओर से युवाओं को लर्निंग लाइसेंस सौंपे गए तथा उत्कृष्ट सेवाएं देने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों द्वारा ट्राइसाइकिल हेतु आवेदन प्रस्तुत किए जाने पर सांसद श्री अग्रवाल ने संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर पालिका आरंग के अध्यक्ष संदीप जैन, समोदा नगर पंचायत अध्यक्ष छोटेलाल सोनकर, देव कुमार साहू, कृष्ण कुमार भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, एडिशनल कलेक्टर, एसडीएम और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# डबल इंजन सरकार से जनता को मिल रहा सीधा लाभ: पुष्पा गायकवाड

■ सुशासन दिवस बना जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान का माध्यम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 16 मई।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमति पुष्पा गायकवाड ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों की योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार के कारण आम जनता को लगातार विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार सुशासन, पारदर्शिता और विकास को प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रही है जिससे प्रदेश और देश की जनता का विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है।

श्रीमति गायकवाड ने कहा कि भाजपा द्वारा मनाया जा रहा सुशासन दिवस अब केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं रह गया है बल्कि यह जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण का प्रभावी माध्यम बन चुका है। शासन और प्रशासन की सक्रियता के चलते लोगों की शिकायतों का समाधान पहले की अपेक्षा अधिक तेजी और पारदर्शिता के साथ हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं सीधे अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं, जिससे गरीब, किसान, मजदूर, महिला और युवाओं को वास्तविक लाभ मिल रहा है। उन्होंने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा की लगातार बढ़ती लोकप्रियता और जनता का समर्थन देखकर कांग्रेस पूरी तरह हताश और बौखलाई हुई है। कांग्रेस नेताओं को भाजपा सरकार की उपलब्धियां और जनसमर्थन पच नहीं रहा है इसलिए वे अनर्गल बयानबाजी कर लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं।श्रीमति गायकवाड ने कहा कि कांग्रेस को अपने पिछले कार्यकाल को नहीं भूलना चाहिए जब भ्रष्टाचार, अव्यवस्था और जनविरोधी नीतियों के कारण जनता ने उन्हें सत्ता से बाहर कर दिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस शासनकाल में विकास कार्य प्रभावित हुए और आम जनता की समस्याओं की अनदेखी की गई जबकि वर्तमान भाजपा सरकार जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का उद्देश्य केवल सत्ता चलाना नहीं बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर गरीबों के कल्याण, किसानों की समृद्धि, युवाओं के रोजगार और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। आने वाले समय में भी भाजपा जनसेवा और विकास के इसी संकल्प के साथ आगे बढ़ती रहेगी।



### जिले में पेट्रोल एवं डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

**राजनांदगांव 16 मई।** जिले में पेट्रोल एवं डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है एवं पेट्रोल व डीजल पम्पों को यथाशीघ्र स्टॉक की आपूर्ति ऑयल कम्पनियों के डिपो से लगातार की जा रही है। जिले में पेट्रोल व डीजल पम्प की कुल संख्या 130 है। जिले में पेट्रोल का 651 किलोलीटर एवं डीजल का 655 किलोलीटर स्टॉक उपलब्ध है। साथ ही वर्तमान में जिले में 5 दिवस की आवश्यकता से अधिक का स्टॉक उपलब्ध है। विगत 2 दिवस में प्रदेश के पेट्रोल व डीजल पम्प के ड्राईआउट होने की अफ्वाह एवं घबराहट के कारण नागरिकों द्वारा पेट्रोल व डीजल की खपत में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है एवं मांग में हुई इस वृद्धि के कारण कृत्रिम अभाव उत्पन्न हुआ है। आम उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वह किसी भ्रम अथवा अफ्वाह से प्रभावित होकर पैनिक खरीदी अथवा इसका संग्रहण करना प्रारंभ नहीं करें एवं केवल आवश्यकता के अनुसार ही पेट्रोल व डीजल वाहनों में रखें। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव द्वारा तीनों ऑयल कम्पनियों के सेल्स ऑफिसर एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों से पेट्रोल व डीजल की उपलब्धता एवं आपूर्ति की समीक्षा की गई है।

## कलेक्टर ने पेट्रोल पम्प का किया निरीक्षण और सख्ती से नियम पालन के दिए निर्देश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा 16 मई।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशनुसार जिले में पेट्रोल एवं डीजल की निर्बाध आपूर्ति एवं वितरण सुनिश्चत करने हेतु राजस्व व खाद्य विभाग के टीम द्वारा पेट्रोल पम्प का निरीक्षण किया जा रहा हैं. इसी कड़ी में शुक्रवार को भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत स्वास्तिक कंपनी,श्याम ऑटोज, राधेश्याम फ्यूल्स का निरीक्षण किया गया सहायक खाद्य अधिकारी लक्ष्मण कश्यप ने बताया निरीक्षण के दौरान पेट्रोल पंप संचालकों और उसके कर्मचारियों को पेट्रोल,डीजल नियमानुसार वाहनों मे देने व निर्देशों का सख्ती से पालन करने हिदायत दिया गया।उपस्थित उपभोक्ताओं को अवगत कराया गया कि पेट्रोल डीजल के नियमित और पर्याप्त आपूर्ति हो रही है।आपूर्ति मे कोई दिक्कत नही होने के संबंध मे आमजनों को जानकारी दिया गया और अफ्वाहों पर ध्यान न देने की बात कही गई। जिला प्रशासन द्वारा एलपीज़ी एवं पेट्रोल-डीजल की जिले में निर्बाध आपूर्ति व वितरण व्यवस्था हेतु आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं ताकि उपभोक्ताओं को कोई दिक्कत न हो।

## शिवसेना ने जयस्तंभ चौक में उदयनिधि स्टालिन का पुतला जलाया





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 16 मई।** तमिलनाडु पुर्व मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के पुत्र उदयनिधी स्टालिन द्वारा भरे विधानसभा में हिन्दू समाज सनातन संस्कृति को नष्ट कर देना चाहिये कहते हुए हिन्दू विरोधी बयान दिया है जिसका छत्तीसगढ़ शिवसेना प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के आव्हान पर प्रदेश भर में शिवसैनिको द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। उसी दरम्यान 14 मई को शिवसेना सिमगा नगर ईकाई ने शहर के मुख्य जयस्तंभ चौक पर हिन्दू समाज विरोधी उदयनिधी स्टालिन का पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदेश सचिव ईश्वर प्रसाद निषाद ने कहा कि सनातन धर्म भारत की आस्था, संस्कृति एवं परंपरा का प्रतीक है। सनातन धर्म के खिलाफ लगातार अपमानजनक बयान देकर देश के करोड़ों हिंदू जनता की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है, जिसे शिवसेना किसी भी स्थिति में सहन नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज एवं सनातन संस्कृति के विरोध में बोलने वाले नेताओं के खिलाफ पूरे प्रदेश में लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। इस दौरान प्रदेश सचिव ईश्वर प्रसाद निषाद, जिला उपाध्यक्ष योगेश्वर वैष्णव, डुपेश देवांगन, भाटापारा विधानसभा महासचिव रामविलास साहू , उपाध्यक्ष आत्माराम नेताम, सिमगा शहर अध्यक्ष वैभव चौबे, युवा सेना अध्यक्ष अंकुश शर्मा, उपाध्यक्ष नितिन देवांगन, ब्लाक उपाध्यक्ष नान्हेराम घृतलहरे, निखिल देवांगन, अमित दुबे, करन कसार, मेयांस देवांगन आदि शिव सैनिक उपस्थित थे।

## बाबा मरस पोटा धाम में श्री शनिदेव जन्मोत्सव की तैयारी की जा रही

**राजनांदगांव 16 मई।** वनचेतना मनगटा मार्ग ग्राम बघेरा स्थित बाबा मरस पोटा धाम में 16मई दिन दिन शनिवार श्री शनिदेव जन्मोत्सव की तैयारी भव्य रूप की जा रही सुबह से शनि चालीसा का पाठ / अभिषेक एवं महा आरती के बाद चना गुड़ तील का लड्डू एवं खिचड़ी का प्रसाद वितरण भक्तों को किया जाएगा। राजनांदगांव शहर से 16 किलो मीटर दूर वनचेतना मनगटा मार्ग ग्राम बघेरा में स्थित बाबा मरस पोटा धाम में श्री मद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ एवं नवरात्रि नवदिन भंडारा हनुमान जन्मोत्सव कन्या विवाह आयोजन के बाद श्री शनिदेव जन्मोत्सव की तैयारी शुरू हो गई है पुरे मंदिर प्रांगण को झंडा तोरण से सजाया जा रहा है बाबा मरस पोटा धाम में 21 फीट भव्य हनुमान जी/17 फीट जय मां महाकाली 18 फीट नंदी महाराज 12 ज्योतिलिंग/शनि देव/विशाल कछुआ/गणपति जी मूर्ति आकर्षण का केंद्र बना हुआ है बढ़ी संख्या में भक्त रोजाना दर्शन करने दुर दुर से आते हैं बाबा मरस पोटा धाम के संरक्षक राकेश श्रीवास्तव/अध्यक्ष दिलीप साहु/ राजकुमार देवांगन/रवि साहु/विकास लिमजा /अनमोल पगारे/नीलकंठ यादव /संजय यादव/ पुरषोत्तम साहु/ साहु/ थरवेतन/चंदा निषाद/अर्जुन/गांधी साहु मुकेश निषाद दिलीप मेश्राम सहित बाबा मरस पोटा धाम समिति के सदस्यों श्री शनिदेव जन्मोत्सव अवसर पर आयोजित भक्ति मय कार्यक्रम में भाग लेने की अपील भक्तों से की है।




**आयुक्त सुबह पहुँचे वार्डों में सफाई व्यवस्था देखने**

# नया बस स्टैंड में प्रतिदिन सफाई करने, निर्धारित समय तक उपस्थित रहकर कार्य करने के दिये निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 16 मई।** नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा आज सुबह सफाई कार्य का निरीक्षण करने वार्डो में पहुँचे और आम्बेडकर चौक, नया बस स्टैण्ड, गौरव स्थल में साफ सफाई का औचक निरीक्षण कर सफाई में सुधार के निर्देश दिये।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने आम्बेडकर चौक में साफ सफाई देख चौक चौराहो की प्रतिदिन सफाई कर कचरा उठाने के निर्देश दिए। चौक मे श्रमिक भवन के पीछे के उद्यान की सफाई कर कचरा उठाने कहा। आम्बेडकर चौक के आस पास एवं मंदिर के पास के दुकानदारो को डस्टबिन का उपयोग करने, गंदगी नही फेलाने समझाईस देने कहा, दो पहिया वाहन मरम्मत दुकानदार को वाहन धोते समय गंदगी नही करने समझाईस देवे। उन्होंने कहा कि चौक के पास फ्लाई ओव्हर के नीचे होटल वालो से फैलाकर समान नही लगाने तथा साफ सफाई रखने समझाईस देवे, गंदगी पाये जाने पर जुर्माना लगावे।

नया बस स्टेण्ड निरीक्षण के दौरान बस स्टैण्ड में प्रतिदिन परिसर की सफाई कराने स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव को निर्देशित किये। हाईटेक शौचालय की नियमित सफाई करने तथा टिकट काउंटर के पास रखी अस्थाई गाडियो को हटवाकर साफ सफाई रखे।




प्रतिक्षालय में आवश्यक मरम्मत कर रैलिंग लगाने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किए। उन्होंने बस स्टैण्ड के आस पास के दुकानदारों, होटल व फल विक्रेताओ को साफसफाई रखने, डस्टबिन का उपयोग करने, झिल्ली पन्नी यूज नही करने समझाईस देने कहा। इसके अलावा अनावश्यक बहते नल को काटने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि बस स्टेण्ड रोड में व नाली के उपर ठेला खोमचा नही लगाना है, जिनके द्वारा लगाया गया है वे हटा लेवे अन्यथा कार्यवाही की जावेगी। उन्होने गौरव स्थल के आस पास नियमित सफाई करने के निर्देश दिए। सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण कर शौचालय में समुचित सफाई के अलावा पानी की पर्याप्त उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक व्यवस्था मुहैया कराने संचालक को निर्देशित किए।

### 18 मई को वार्ड नं. 22,44 व 45 के लिए कमला कालेज में शिविर का आयोजन

**राजनांदगांव 16 मई।** सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत 1 मई से 10 जून 2026 तक शहरी क्लस्टरो में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर अंतर्गत आज वार्ड नं. 14, 15 व 24 के लिए स्टेट स्कूल मैदान में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में निगम सहित विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाया गया, जहाँ नागरिकों की शिकायत एवं मांग संबंधी आवेदन लिया गया। शिविर में कुल 74 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें मांग के 64 तथा शिकायत के 10 आवेदन आए। स्टेट स्कूल के शिविर में संबंधित वार्ड के पार्षद में स्वास्थ विभाग के प्रभारी सदस्य श्री शैकी बग्गा, पार्षद श्री सतीश मसीह व श्री प्रमोद झंझाडे वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा उपस्थित होकर स्टालो का अवलोकन कर वार्डवासियो से आवेदन लेकर जमा करा उन्हे शासन की योजनाओ के बारे में जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री स्व निधि योजनांतर्गत स्वीकृत ऋण के तहत श्री तुषार गढेवाल को सब्जी व्यवसाय के लिए आईडीबीआई बैक के माध्यम से 25 हजार रूपये एवं श्रीमती सुनीता बंजारे को सिलाई कढाई के लिए बैक आफ बडौदा से 15 हजार रूपये का ऋण पत्र प्रदान किए।

## संकट के समय तो देश में यही किया गया है.....

विश्व में कोई संकट आता है तो उससे दुनिया के सारे देश प्रभावित होते हैं और उससे बचने के लिए सभी वही उपाय करते हैं जो किया जाना चाहिए। लोगों से सभी देशों में सरकार अपील करती है, लोगों से कहती है कि ऐसे समय में उनको क्या करना चाहिए जिससे देश को संकट से निपटने में मदद मिल सकती है। शायद ही किसी देश में सरकार की ऐसी अपील व ऐसे उपायों को सरकार नाकामी कहा जाता है लेकिन भारत में राहुल गांधी ऐसे नेता हैं जिन्होंने देश को संकट से बचने के लिए पीएम मोदी की अपील को उनकी नाकामी बता दिया। उनकी कमजोरी है,खामी है कि वह कुछ बोलने का मौका मिलता है तो बिना सोचसमझे तुरंत जो मन में आया कह देते हैं वह सोचते नहीं है और उनके आसपास के नेता भी उनको बताते नहीं है कि वह जो कहने जा रहे हैं वह गलत है क्योंकि जब भी देश में संकट आया है तो कांग्रेस के नेताओं ने भी वही किया है जो पीएम मोदी ने किया है यानी देश के लोगों से अपील। पीएम मोदी ने अपील की और राहुल गांधी ने कह दिया कि पीएम मोदी ने बचत की अपील करके अपनी नाकामी का सबूत दे दिया है तथा अब देश चलाना एक कम्प्रोमाइज्ड पीएम के बस की बात नहीं है।राहुल गांधी ने यह भी कहा है कि पीएम मोदी हर बार जिम्मेदारी जनता पर डाल देते हैं ताकि खुद जवाबदेही से बच निकलें।राहुल गांधी ने कहा है कि पीएम मोदी ने जनता से त्याग की मांग की है कि सोना मत खरीदो,विदेश मत जाओ,पेट्रोल का कम उपयोग करो,खाद व खाने के तेल का कम उपयोग करो,मेट्रो में जाओ, घर में काम करो।मोदी का यह उपदेश ही उनकी नाकामी का सबूत है। जब राहुल गांधी यह सब देश को बता रहे थे तो उनको पता नहीं था कि वह पीएम मोदी को नाकाम नहीं बता रहे थे,कांग्रेस को भी नाकाम बता रहे थे क्योंकि देश में आज जैसा संकट आया है वैसा संकट जब कांग्रेस के समय आया था कांग्रेस नेताओं ने भी वही किया था जो आज पीएम मोदी ने किया है। आज तो देश की अर्थव्यवस्था पीएम मोदी की नीति के चलते मजबूत है। कांग्रेस ने तो ऐसे संकट के समय देश की अर्थव्यवस्था बरबाद होने की घोषणा कर दी थी।सोना रखने को अपराध घोषित कर दिया था।देशभक्ति का हवाला देकर नागरिकों से गहने दान करने,अनाज त्यागने,एकदिन उपवास करने को कह दिया था। १९६२ में चीन से युध्द के दौरान राष्ट्रीय युध्द कोष में आभूषण दान करने का आग्रह तब के पीएम पं, नेहरू ने किया था।अपील के बाद १९६२ के स्वर्ण नियंत्रण अधिनियम के तहत सोने के स्वामित्व व व्यापार पर प्रतिबंध लगा दिया था।१९६३ तक १४ कैरेट से अधिक वाले जेवरों का उत्पादन अपराध हो गया था। १९६८ के कानून में सोने की छड़ें व सिक्के रखने को कानूनी रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया था।१९६६ में इंदिरा गांधी के समय सोने की खरीदी को विदेशी मुद्रा की बरबादी बताया गया था।पीएम मनमोहन सिंह के समय तीन महीने के भीतर चार बार लोगों से सोना नहीं खरीदने की अपील की गई थी।राहुल गांधी ने बिना यह जाने कि ऐसे संकट में कांग्रेस ने वही किया था जो आज पीएम मोदी कर रहे है, खुद को और कांग्रेस को हंसी का पात्र बना दिया है। पीएम मोदी ने देशवासियों से सामूहिक रूप से विदेशी मुद्रा बचाने की अपील की है।पं.एशिया में तनाव के कारण विश्व में ऊर्जा संकट है।इस संकट से निपटने के लिए ही उन्होंने यह अपील की है।यह सही भी है देश में संकट आने पर हमेशा ऐसा ही किया जाता है। देश पर आए संकट से सामूहिक प्रयास से ही निपटा जा सकता है।पहले भी संकट से देश ने सामूहिक रूप से ही निपटा था और आज भी पीएम मोदी देशवासियों को बता रहे हैं कि संकट क्या है। इससे कैसे निपटा जा सकता है। इससे देशवासियों को किसी तरह की तकलीफ न हो इसके लिए पीएम मोदी दो महीनो में बहुत कुछ किया है। यह संकट आने वाले दिनों में बढ़ सकता है इसलिए पीएम मोदी देश के लोगों को बता रहे है कि इसस निपटने के लिए सबको प्रयास करना होगा। तकलीफ होगी तो सबको होगी और सबके प्रयास करने से तकलीफ कम होगी। संकट के समय देश एकजुट रहता है तो संकट से आसानी से निपटा जा सकता है. यही पीएम मोदी चाहते है, इसे राहुल गांधी समझ नहीं पा रहे हैं।

समसामयिक

# सनातन पर हमले का ना खत्म होने वाला सिलसिला

संजय सक्सेना,लखनऊ,



12 मई 2026 को तमिलनाडु विधानसभा में एक ऐसा दृश्य देखने को मिला जिसने करोड़ों सनातनियों की भावनाओं को गहरी ठेस पहुँचाई। डीएमके नेता और नवनिर्वाचित नेता प्रतिपक्ष उदयनिधि स्टालिन ने विधानसभा में नये मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के सामने खड़े होकर यह कहा कि सनातन धर्म लोगों को बांटने का काम करता है, इसलिए इसे जड़ से मिटा देना चाहिए। यह बयान किसी साधारण मंच पर नहीं, बल्कि एक संवैधानिक सदन में दिया गया, जो इसकी गंभीरता को और अधिक बढ़ा देता है। नेता प्रतिपक्ष के रूप में यह उनका पहला आधिकारिक भाषण था, जिसमें उन्होंने द्रविड़ विचारधारा को सदन में मजबूती से रखने के उद्देश्य से यह तीखा रुख अपनाया। वहीं नये-नवेले मुख्यमंत्री जोसेफ विजय ने उदयनिधि के बयान पर ठंडा रुख अख्तियार करके साबित कर दिया कि उन्हें उदयनिधि की सोच से कोई फर्क नहीं पड़ता है। यह पहली बार नहीं है जब उदयनिधि ने ऐसा जहर उगला हो। सितंबर 2023 में उन्होंने सनातन धर्म को डेंगू, मलेरिया और कोरोना जैसी बीमारियों की संज्ञा देते हुए कहा था कि जिस तरह इन बीमारियों को खत्म करना जरूरी है, उसी तरह सनातन धर्म को भी समूल नष्ट कर देना चाहिए। उस बयान के बाद देशभर में भारी विरोध हुआ और मामला सर्वोच्च न्यायालय तक पहुँचा। सुप्रीम कोर्ट और मद्रास हाईकोर्ट ने उनके बयान पर कड़ी टिप्पणी की थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि एक मंत्री होने के नाते उन्हें अपने शब्दों की जिम्मेदारी समझनी चाहिए। लेकिन इन सबके बावजूद उदयनिधि न केवल बेखौफ रहे, बल्कि डीएमके सरकार ने पुराने बयान पर कोई कार्रवाई करने की बजाय उन्हें प्रमोशन देकर डिप्टी सीएम बना दिया था। और अब, विधानसभा चुनाव में करारी हार झेलने के बाद भी उनकी अकड़ ढीली नहीं हुई और उन्होंने वही बयान दोहरा दिया। खैर, तमिलनाडु की राजनीति में सनातन धर्म के प्रति यह विरोध किसी अचानक उभरी प्रवृत्ति का नाम नहीं है। उदयनिधि स्टालिन का यह भी कहना है कि तमिलनाडु में पिछले 100 सालों से सनातन धर्म के खिलाफ आवाजें उठ रही हैं और वे अगले 200 सालों तक भी इसके खिलाफ बोलना जारी रखेंगे। यह बयान द्रविड़ आंदोलन की उस विचारधारा की जड़ों से जुड़ा है जिसकी नींव पेरियार और अन्नादुरई जैसे नेताओं ने रखी थी। तमिलनाडु में जिस तरह की राजनीति का बोलबाला है, उसमें हिंदू धर्म की आलोचना को प्रगतिशील राजनीति का प्रतीक माना जाता है। एक वरिष्ठ मंत्री बहुसंख्यक धर्म के खिलाफ इतना अपमानजनक बयान दे और फिर भी बिना किसी राजनीतिक नुकसान के कुर्सी पर बना रहे, यही तमिलनाडु की राजनीतिक संस्कृति की वास्तविकता है। हालाँकि हाल के विधानसभा चुनाव में डीएमके को भारी हार का सामना करना पड़ा, जो यह दर्शाता है कि तमिलनाडु की जनता का एक बड़ा वर्ग अब इस राजनीति से ऊब चुका है। नई सरकार थलपति विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कषगम के नेतृत्व में बनी है, जो इस बात का संकेत है कि प्रदेश में सनातन विरोध की राजनीति को जनता ने अस्वीकार करना शुरू किया है। फिर भी, डीएमके का वही रवैया बरकरार है जो दशकों से चला आ रहा है। यह कहना गलत नहीं होगा कि सनातन धर्म के विरुद्ध यह राजनीतिक अभियान केवल तमिलनाडु तक सीमित नहीं है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला का आरोप है कि कांग्रेस, टीएमसी, राजद, सपा और डीएमके का एक ही प्लान है सनातन हिंदू का अपमान और वोट बैंक की दुकान। यह आरोप हवाई नहीं है, क्योंकि इन दलों के नेताओं के बयानों की एक लंबी फेहरिस्त है। समाजवादी पार्टी के



सांसद अफजल अंसारी ने महाकुंभ 2025 को लेकर व्यंग्य करते हुए कहा था कि अगर कुंभ स्नान से सच में पाप धुलते हैं तो नरक तो खाली हो जाएगा। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी महाकुंभ को लेकर विवादित बयान देते हुए सनातन धर्म की मान्यताओं पर कटाक्ष किया और यहाँ तक कह दिया कि महाकुंभ जैसी कोई चीज है ही नहीं। तेलंगाना के कांग्रेस मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को आहत करते हुए हिंदू देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि जो लोग दो शादी करते हैं उनके लिए अलग भगवान हैं और जो शराब पीते हैं उनके लिए अलग भगवान हैं। कमल हासन ने भी राज्यसभा सांसद बनने के बाद एक कार्यक्रम में दावा किया कि शिक्षा ही वह एकमात्र हथियार है जो तानाशाही और सनातन धर्म की जंजीरों को तोड़ सकती है। राजद की राजनीति भी इस मामले में कम आक्रामक नहीं रही। मुस्लिम वोट बैंक को साधने के लिए लालू प्रसाद यादव ने सनातन विरोधी राजनीति को अपने दल की पहचान बनाया और आडवाणी को जेल में डालने जैसे कदम उठाए। इन तीनों दलों की रणनीति स्पष्ट है कि मुस्लिम और दलित वोट बैंक को एकजुट करने के लिए सनातन धर्म को निशाना बनाओ, उसे जाति-आधारित उत्पीड़न का प्रतीक बताओ और प्रगतिशील राजनीति का चेहरा पेश करो। इस पर अधिकांश विपक्षी दलों ने रचनात्मक विकल्प देने की बजाय हिंदू द्वेष को ही अपनी रणनीति का केंद्र बना लिया। उनकी चुनावी राजनीति इस धारणा पर टिकी है कि सनातन धर्म का विरोध कर वे अपने अल्पसंख्यक वोट बैंक को मजबूत बना सकते हैं। इस रणनीति का मकसद हिंदू धर्म को बदनाम करना और उससे जुड़े मुद्दों को अविश्वसनीय ठहराना है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब किसी अन्य धर्म के बारे में ऐसा बयान दिया जाए तो देश में भूचाल आ जाता है, लेकिन सनातन धर्म के विरुद्ध खुलेआम उन्मूलन की बात करने पर कानूनी शिकंजा क्यों नहीं कसता? भारतीय दंड संहिता की धारा 295-ए धार्मिक भावनाओं को जानबूझकर आहत करने को दंडनीय अपराध मानती है। इसके अलावा धारा 153-ए धर्म, जाति, भाषा के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता बढ़ाने पर दो साल तक की सजा का प्रावधान करती है। लेकिन इन धाराओं का प्रयोग सनातन के अपमानकर्ताओं के खिलाफ शायद ही कभी प्रभावी ढंग से हो पाता है। बता दें, भारतीय संविधान देश को एक पंथनिरपेक्ष लोकतंत्र घोषित करता है और विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता की गारंटी देता है। लेकिन यही पंथनिरपेक्षता एकतरफा होकर रह जाती है, जब एक धर्म विशेष को निशाना बनाना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और दूसरे धर्म की आलोचना सांप्रदायिक मान ली जाती है। समस्या यह है कि धर्म के विरुद्ध घृणा और जातिगत व्यवस्था की आलोचना के बीच की रेखा को अदालतें बहुत ढीले ढंग से व्याख्यायित करती हैं। इसी कारण राजनेता सनातन को सीधे निशाने पर लेकर भी कानूनी पकड़ से बाहर निकल जाते हैं। जहाँ तक भाजपा सरकार के 12 साल के कार्यकाल का सवाल है, तो सरकार ने भारतीय न्याय संहिता के रूप में नई आपराधिक संहिता लागू की, लेकिन धार्मिक भावनाओं को आहत करने से संबंधित प्रावधान मूल रूप में ही रहे। कोई नया विशेष कानून नहीं बना जो विशेष रूप से सनातन धर्म के अपमान पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित कर सके। हाँ, एनएसए और यूएपीए का प्रयोग धार्मिक उग्रवाद रोकने के लिए जरूर हुआ, पर राजनेताओं के बयानों पर यह हथियार नहीं चला। जब तक संसद में स्पष्ट कानून नहीं बनता जो किसी भी धर्म के उन्मूलन की माँग करने वाले बयान को राष्ट्रीय एकता के लिए खतरा मानकर अभियोजन का आधार बनाए, तब तक यह खेल यूँ ही चलता रहेगा। किसी को भी यह नहीं भूलना चाहिए कि सनातन धर्म भारत की सभ्यता का मूल आधार है। यह किसी राजनीतिक दल की सम्पत्ति नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की आस्था, संस्कृति और जीवन-दर्शन है। इसके विरुद्ध हर बार उठने वाली आवाज़ें जब दण्डमुक्त रहती हैं, तो यह लोकतंत्र और संविधान दोनों की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करती हैं। समय आ गया है कि राजनीतिक लाभ के लिए धर्म को अपमानित करने की इस प्रवृत्ति पर संसद, न्यायपालिका और समाज तीनों एकजुट होकर लगाम लगाएँ। वहीं, सनातन धर्म मानने वालों को भी ऐसी घटनाओं का अपने स्तर पर जोरदार विरोध करना चाहिए।

## आज का राशिफल

मेष राशिःमेष राशि वालों के लिए आज का दिन उत्साहवर्धक रहेगा है। आपके व्यापार में पहले से सुधार आयेगा, जिससे आपको आपका मानसिक सुकून मिलेगा। पारिवारिक जीवन में चल रही अनबन से मुक्ति मिल जाएगी, जिससे पारिवारिक परिवेश अच्छा होगा।

वृषभ राशिः वृषभ राशि वालों आज आपका दिन आपके परिवार के लिए खुशियां लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद खास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है।

मिथुन राशिः मिथुन राशि वालों आज आपका दिन इनोवेटिव रहने वाला है। घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपका मन घरेलू काम काज में लगेगा।

कर्क राशिः कर्क राशि वालों आज आपका दिन की शुरुआत अच्छे मूड से होगी। किसी रुके काम को पूरा करने का आज सही समय है। सिविल इंजीनियर्स के लिए दिन बहुत बेहतरीन रहेगा। जॉब की तलाश कर लोगों को अच्छी नौकरी मिलने के योग हैं।

सिंह राशिः सिंह राशि वालों आज आपका दिन शांत पूर्ण रहेगा। आज आपकी मुलाक़ात किसी अजनबी से होगी, जिससे आप जीवन में कुछ अनोखी सीख मिलेगी। आपकी कड़ी मेहनत से लोग आपसे जरुर प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे।

कन्या राशिः कन्या वालों आज आपका दिन नई उम्मीदों के साथ शुरू होने वाला है। आज आपकी सूझ-बूझ से अपने लक्ष्य के करीब बढ़ रहे हैं। पशुओं की सेवा करने का अवसर मिलेगा। आर्थिक समस्या से परेशान लोगों को राहत मिलेगी। आज आप जीवनसाथी के लिए नई ज्वेलरी खरीद सकते हैं,

तुला राशिः तुला राशि वालों के लिए आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके लिए जॉब का ऑफर आ सकता है। आज आप कोई नया हुनर सीखने की योजना बनाने वाले हैं। पारिवारिक सदस्य की बहुत महत्वपूर्ण सलाह की मदद से जीवन की कुछ समस्या के हल निकाल पाएंगे।

वृश्चिक राशिः वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी जरूरी काम से बाहर जा सकते हैं, अपना जरूरी सामान रखना न भूलें। आज आपके बिजनेस में प्रॉफिट होने के आसार दिख रहे है। फ्रेंड्स के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं।

धनु राशिः धनु राशि वालों आज आपका दिन सामान्य रहेगा। वर्क-फील्ड में आज आपको सहयोगियों से मदद मिलेगी। घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स आज माता-पिता से मिल सकते हैं। किसी कंपनी में कार्य कर रहे कर्मचारियों की सैलरी में इन्क्रीमेंट होने की सम्भावना है।

मकर राशि वालों आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताजा होंगी। आमोद-प्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा।

कुंभ राशिः कुंभ राशि वालों आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आपके दोस्त आपसे मदद की गुहार करेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। आलस छोड़ें और अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाए। निश्चित ही आपको सुखद परिणाम मिलेंगे। कुछ राजनीतिक लोगों से मुलाकात आपकी लोकप्रियता को बढ़ाएगी।

मीन राशिःमीन राशि वालों आज आपका दिन खुशनुमा पलों से भरा रहेगा। आज परिवार से खुशखबरी मिलेगी। ईश्वर की कृपा से आज आपके सभी काम सफल होंगे। आज आपको अपने काम में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। आपको प्रोजेक्ट में अपने कलीग की मदद मिलेगी।

व्यंग्य

# दीवारों पर लिखी सिसकियाँ

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

इतिहास की किताबों में लिखा है कि शाहजहाँ ने मुमताज की याद में ताजमहल बनवाया था। पर हमारे आधुनिक रोमियो इस ऐतिहासिक भ्रम को अपनी जेब में रखे पेन की स्याही से सुधारने का ठेका ले चुके हैं। यह हमारे देश की उन दीवारों की दास्तां है जिन्हें देखकर लगता है कि यहाँ ईंटें कम और प्रेमी जोड़ों के नाम ज्यादा धंसे हुए हैं। इन दीवारों को देखकर अक्सर यह संशय होता है कि यह पुरातत्व विभाग की संपत्ति है या किसी सार्वजनिक प्रेम पत्र का रद्दीखाना। यहाँ हर पुरानी हवेली और बदबूदार शौचालय की दीवार पर किसी पिंटू और रिंकी की अमर प्रेम कहानी खुदी हुई है। मानो अगर उन्होंने खुरदुरी ईंटों पर अपना नाम एक तीर के निशान के अंदर बंद नहीं किया तो उनकी मोहब्बत को ऊपर वाला भी मंजूरी नहीं देगा। यह उस समाज का सामूहिक दर्द है जहाँ इश्क में दिल टूटने से पहले पेन की रिफिल खत्म हो जाती है। शहर के उस वीरान किले की दीवार पर रमेश ने अपनी जेब से पांच रुपये वाला वह कटर निकाला जिससे वह कभी पेंसिल छीला करता था।



वह दीवार की खाल उधेड़ने लगा जैसे वह कोई महान मूर्तिकार हो। उसने बड़े जतन से लिखा 'रमेश संग सपना' और नीचे एक दिल बनाया जो देखने में कम और पिचका हुआ आम ज्यादा लग रहा था। पास खड़े उसके दोस्त ने पूछा "अबे भाई अगर सपना ने मना कर दिया तो क्या करेगा?" रमेश ने ठिठकी हुई सांस ली और बोला "मना कैसे करेगी? पत्थर की लकीर है भाई। दीवार पर लिख दिया है अब तो खुदा को भी इसे मंजूर करना पड़ेगा।" रमेश की आँखों में वह चमक थी जो शायद कोलंबस की आँखों में अमेरिका खोजते समय भी नहीं रही होगी। उसे लग रहा था कि उसने अपनी वसीयत सीधे यमराज के दफ्तर में जमा करा दी है। उसे नहीं पता था कि यह पत्थर नहीं बल्कि उसकी अपनी बेरोजगारी का विज्ञापन है। हवाओं में एक अजीब सी गंध थी जो मिट्टी और चूने के मिलन से पैदा हो रही थी। रमेश ने अपने खून से नहीं बल्कि उस लाल रंग के स्केच पेन से दिल को रंगना शुरू किया जो उसने अपनी छोटी बहन के बस्ते से चुराया था। उसने सोचा कि यह दीवार ही तो है जो उसकी गवाह बनेगी जब दुनिया उसके खिलाफ खड़ी होगी। "रमेश भाई यह दीवार ढह गई तो?" दोस्त ने फिर एक कड़वा सवाल दागा। रमेश ने दीवार को ऐसे सहलाया जैसे वह सपना का हाथ हो और बोला "इतिहास गवाह है भाई दीवारें टूट जाती हैं पर नाम रह जाते हैं।" उसकी आवाज़ में वह रुआंसापन था जैसे कोई शहीद होने से पहले अंतिम इच्छा बता रहा हो। जिस किले की दीवार पर वह अपनी मोहब्बत की इबारत लिख रहा था वहीं पास में एक बोर्ड लगा था जिस पर लिखा था 'यहाँ लिखना मना है'। रमेश ने उस बोर्ड के ऊपर भी अपना नाम लिख दिया ताकि कानून को पता चले कि इश्क अंधा ही नहीं बल्कि जाहिल भी होता है। बरसों बाद जब रमेश उसी किले के पास से गुजरा तो उसकी चाल में वह पहले वाली अकड़ नहीं थी। अब उसके हाथों में कटर की जगह सब्जी का थैला था और चेहरे पर वैवाहिक जीवन की थकान। उसने देखा कि उसी दीवार पर जहाँ उसने 'रमेश संग सपना' लिखा था वहां अब किसी ने काला पेंट फेर दिया है। उस काले धब्बे के ऊपर अब किसी नए कलाकार ने लिखा था 'पवन संग पूजा'। रमेश को अपनी छाती में एक अजीब सी चुभन महसूस हुई जैसे किसी ने ईंट का एक कोना उसके दिल में चुभो दिया हो। "देखो जी लोग कितने बदतमीज होते हैं सरकारी दीवारों को कैसे खराब कर रहे हैं" उसकी बगल में चल रही उसकी पत्नी ने कहा। रमेश ने अपनी पत्नी की तरफ देखा और फिर उस दीवार की तरफ जहाँ उसका वजूद किसी काले रंग के नीचे सिसक रहा था। उसकी पत्नी का नाम सपना नहीं था बल्कि सुमित्रा था।

# हमारे शहरों के असली हीरो सफाई कर्मचारी

डॉ. सत्यवान सौरभ

किसी भी शहर की पहचान उसकी ऊँची इमारतों, चौड़ी सड़कों या चमकती रोशनियों से नहीं, बल्कि उसकी स्वच्छता और व्यवस्था से होती है। जब कोई व्यक्ति किसी शहर में प्रवेश करता है, तो सबसे पहले उसकी नज़र वहाँ की साफ़-सफाई, वातावरण और नागरिक अनुशासन पर जाती है। स्वच्छ शहर केवल सुंदर नहीं दिखते, बल्कि वे बेहतर स्वास्थ्य, सुरक्षित जीवन और सभ्य समाज का प्रतीक भी होते हैं। लेकिन इस स्वच्छता के पीछे जिन लोगों का सबसे बड़ा योगदान होता है, वे अक्सर समाज की चर्चा और सम्मान से दूर रह जाते हैं। ये लोग हैं हमारे सफाई कर्मचारी — वे अनदेखे, अनसुने और उपेक्षित नायक, जिनके श्रम पर पूरे शहर की व्यवस्था टिकी होती है। हाल ही में विभिन्न नगरों में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल ने लोगों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि यदि ये कर्मचारी अपना काम बंद कर दें, तो शहरों का जीवन कितनी जल्दी अस्त-व्यस्त हो सकता है। कुछ ही दिनों में सड़कों पर कचरे के ढेर लग गए, नालियाँ जाम हो गईं, बदबू फैलने लगी और बीमारियों का खतरा बढ़ गया। लोगों को पहली बार महसूस हुआ कि जिन सफाई कर्मचारियों को वे सामान्य कर्मचारी समझते हैं, वास्तव में वही शहर की धड़कन हैं।

विडंबना यह है कि हम आधुनिकता और विकास के बड़े-बड़े दावे तो करते हैं, लेकिन नागरिक जिम्मेदारियों के मामले में अभी भी बहुत पीछे हैं। हमारे शहरों में बड़ी संख्या में लोग सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकना, प्लास्टिक सड़क पर छोड़ देना और गंदगी फैलाना सामान्य बात समझते हैं। घर के भीतर सफाई रखने वाले लोग भी घर का कचरा बाहर सड़क पर डालकर अपनी जिम्मेदारी समाप्त मान लेते हैं। यही कारण है कि सफाई कर्मचारियों की अनुपस्थिति में शहर कुछ ही दिनों में कूड़े के ढेर में बदलने लगते हैं। यह स्थिति केवल प्रशासनिक कमजोरी नहीं, बल्कि हमारी कमजोर civic sense का प्रमाण भी है। विकसित देशों में नागरिक स्वयं स्वच्छता के प्रति जागरूक रहते हैं। वहाँ लोग सड़क पर कचरा फेंकना सामाजिक अपराध मानते हैं। लेकिन हमारे यहाँ स्वच्छता को अब भी केवल सफाई कर्मचारियों और नगर निगम की जिम्मेदारी समझा जाता है। जब तक समाज स्वयं स्वच्छता को अपनी संस्कृति और आदत का हिस्सा नहीं बनाएगा, तब तक किसी भी सरकारी अभियान की सफलता अधूरी रहेगी। सफाई कर्मचारियों का जीवन संघर्षों से भरा होता है। वे सुबह-सुबह तब काम शुरू कर देते हैं जब अधिकांश लोग नींद में होते हैं। तेज गर्मी, कड़ाके की सर्दी, बरसात या महामारी — हर परिस्थिति में वे सड़कों, गलियों और नालियों की सफाई करते हैं। कई बार उन्हें बिना पर्याप्त सुरक्षा उपकरणों के बेहद अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में काम करना पड़ता है। सीवर की सफाई करते समय जहरीली गैसों के कारण हर वर्ष कई कर्मचारियों की मृत्यु हो जाती है। इसके बावजूद समाज उन्हें वह सम्मान नहीं देता जिसके वे वास्तव में अधिकारी हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान जब पूरा देश घरों में बंद था, तब डॉक्टरों, पुलिसकर्मियों और सफाई कर्मचारियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर समाज को सुरक्षित रखने का कार्य किया। उस समय लोगों ने ताली और थाली बजाकर उनका सम्मान तो किया, लेकिन समय बीतने के साथ हम फिर उन्हें भूल गए। आज भी अनेक सफाई कर्मचारी अस्थायी नौकरी, कम वेतन और असुरक्षित कार्य परिस्थितियों में काम करने को मजबूर हैं। समाज का एक बड़ा वर्ग अब भी सफाई कार्य को हीन दृष्टि से देखता है। यह मानसिकता केवल गलत ही नहीं, बल्कि अमानवीय भी है। कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता। यदि सफाई कर्मचारी एक दिन काम बंद कर दें, तो पूरे शहर की व्यवस्था ठप पड़ सकती है। इसलिए उनका कार्य केवल नौकरी नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामाजिक जीवन की रक्षा का कार्य है। इस पूरी स्थिति का सबसे पीड़ादायक दृश्य तब दिखाई देता है जब सड़कों पर फैले कचरे में गायों को भोजन खोजते देखा जाता है। भारतीय समाज में गाय को माता का दर्जा दिया जाता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि वही गायें प्लास्टिक, सड़ा भोजन और जहरीला कचरा खाने को मजबूर हैं। यह दृश्य हमारी सामाजिक संवेदनहीनता को उजागर करता है। श्रद्धा केवल शब्दों और नारों से नहीं, बल्कि व्यवहार से सिद्ध होती है। यदि हम सचमुच गाय को पूजनीय मानते हैं, तो हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि वह कचरे में भोजन तलाशने के लिए मजबूर न हो।

आज शहरों में बढ़ती प्लास्टिक समस्या ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। लोग बिना सोचे-समझे प्लास्टिक का उपयोग करते हैं और उसे खुले में फेंक देते हैं। यही प्लास्टिक नालियों को जाम करती है, पर्यावरण को प्रदूषित करती है और जानवरों के लिए जानलेवा बन जाती है। सफाई कर्मचारी प्रतिदिन इस गंदगी से जूझते हैं, लेकिन समस्या की जड़ नागरिकों की लापरवाही में छिपी हुई है। सरकारें समय-समय पर स्वच्छता अभियान चलाती हैं। "स्वच्छ भारत अभियान" ने लोगों में जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया, लेकिन केवल अभियान चलाने से स्थायी परिवर्तन नहीं आता। जब तक नागरिक स्वयं जिम्मेदारी नहीं निभाएँगे, तब तक स्वच्छता केवल सरकारी पोस्टरों और नारों तक सीमित रहेगी। हमें यह समझना होगा कि सफाई केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं है। हर नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखे। कचरा अलग-अलग श्रेणियों में बाँटना, प्लास्टिक का कम उपयोग करना, सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाना और दूसरों को भी जागरूक करना — ये छोटी-छोटी आदतें बड़े परिवर्तन ला सकती हैं। साथ ही सफाई कर्मचारियों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा भी उतनी ही आवश्यक है। उन्हें उचित वेतन, स्थायी रोजगार, स्वास्थ्य सुविधाएँ और सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। सीवर सफाई जैसी खतरनाक प्रक्रियाओं में मशीनों का अधिक उपयोग होना चाहिए ताकि मानव जीवन जोखिम में न पड़े।

शिक्षा व्यवस्था में भी स्वच्छता और नागरिक जिम्मेदारी को व्यवहारिक रूप में शामिल करने की आवश्यकता है। बच्चों को केवल किताबों में स्वच्छता का पाठ पढ़ाने से काम नहीं चलेगा, बल्कि उन्हें व्यवहार में इसे अपनाने की प्रेरणा देनी होगी। जब नई पीढ़ी स्वच्छता को आदत बनाएगी, तभी समाज में वास्तविक परिवर्तन संभव होगा।

मीडिया और समाज को भी सफाई कर्मचारियों की समस्याओं और योगदान को प्रमुखता से सामने लाना चाहिए। आमतौर पर लोग उन्हें तभी याद करते हैं जब हड़ताल होती है या शहर में गंदगी फैलती है। लेकिन उनके दैनिक संघर्षों, मेहनत और योगदान पर बहुत कम चर्चा होती है। यदि समाज उन्हें सम्मान देगा, तो यह न केवल उनके आत्मविश्वास को बढ़ाएगा बल्कि स्वच्छता के प्रति सामूहिक चेतना को भी मजबूत करेगा।

हमें यह भी समझना होगा कि स्वच्छता केवल सौंदर्य का विषय नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और सभ्यता का प्रश्न है। गंदगी से मच्छर, मक्खियाँ और अनेक बीमारियाँ फैलती हैं। अस्वच्छ वातावरण बच्चों, बुजुर्गों और गरीब वर्ग के लिए सबसे अधिक खतरनाक होता है। इसलिए सफाई कर्मचारियों का कार्य सीधे-सीधे समाज के स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ है। आज आवश्यकता केवल सफाई कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त कराने की नहीं, बल्कि अपनी सोच बदलने की है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि शहरों को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी केवल कुछ कर्मचारियों पर नहीं डाली जा सकती। जब तक नागरिक स्वयं जिम्मेदार नहीं बनेंगे, तब तक गंदगी और अव्यवस्था की समस्या बनी रहेगी। सफाई कर्मचारी वास्तव में हमारे शहरों के असली हीरो हैं। वे बिना किसी विशेष सम्मान या प्रसिद्धि की अपेक्षा के प्रतिदिन हमारे जीवन को बेहतर बनाने में लगे रहते हैं। उनकी मेहनत से ही शहर साँस लेते हैं, सड़कें चलने योग्य बनती हैं और समाज स्वस्थ रहता है। यदि हम सचमुच एक सभ्य, संवेदनशील और विकसित समाज बनाना चाहते हैं, तो सबसे पहले हमें सफाई कर्मचारियों के प्रति अपनी सोच बदलनी होगी। उन्हें सम्मान देना, उनकी समस्याओं को समझना और स्वच्छता को अपनी जिम्मेदारी बनाना ही सच्ची नागरिकता है। यही वह रास्ता है जो हमारे शहरों को केवल चमकदार ही नहीं, बल्कि मानवीय और संस्कारित भी बनाएगा।

# सुहागिन महिलाओं ने की वट सावित्री की पूजा

- वट वृक्ष को रक्षासूत्र बांधकर सौभाग्यवती होने का मांगा आशीर्वाद
- पति की लंबी आयु के लिए रखा निर्जला व्रत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 16 मई।** ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या पर आज सुहागिन महिलाओं ने पति के दीर्घायु की कामना कर वट सावित्री की पूजा की। वट पूजा के दौरान महिलाओं ने वट वृक्ष में श्रृंगार सामग्री अर्पित कर अपने सुहाग की सलामती एवं सुख समृद्धि की कामना की और निर्जला व्रत रखा। वट सावित्री की पूजा दंतेवाड़ा समेत आसपास क्षेत्रों में भी पूरे विधि विधान के साथ किया गया।

वट सावित्री के पावन अवसर पर आज शहर भर में महिलाओं ने साजो श्रृंगार के साथ बरगद पेड़ की पूजा की। यह हिन्दु स्त्रियों का एक महत्वपूर्ण व्रत है। इस दिन सत्यवान, सावित्री तथा यमराज की पूजा की जाने की परंपरा है। आज निर्जला व्रत रखकर सुहागिन महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर अपने पति के दीर्घायु व सुख समृद्धि की कामना करते हुए सुबह वट वृक्ष याने बरगद के पेड़ की पूजा की। एक पौराणिक कथा के अनुसार सत्यवान की मृत्यु के बाद उसकी पत्नि सावित्री ने यमराज से अपने पति के प्राण वापस लाकर उसे पुनर्जीवित किया था। इसके बाद से उसके नाम पर वट सावित्री की पूजा होने लगी। आज के दिन महिलाएं वट वृक्ष के नीचे मिट्टी की बनी सावित्री और सत्यवान तथा भैंसे पर सवार यम की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना करती हैं। वट की जड़ में पानी दिया जाता है। पूजा में पुष्प, रोली, कच्चा सूत, भिगोया चना, फूल तथा धूप का इस्तेमाल किया जाता है। महिलाएं जल से वट वृक्ष को सींचकर तने के चारों ओर कच्च धागा लपेटते हुए वट वृक्ष की सात बार परिक्रमा करती है। तत्पश्चात वृक्ष के नीचे बैठकर सत्यवान व सावित्री की कथा सुनी जाती है। वट सावित्री के शुभ अवसर पर आज नगर भर में सुहागिन महिलाओं ने अपने आसपास के वट वृक्षों में पूजा अर्चना की। नगर के सबसे पुराने ब्लाक कालोनी स्थित वट वृक्ष के नीचे पूजा करने महिलाओं की काफी भीड़ रही।

## एक नजर

### 12.310 किलो गांजा के साथ एक आरोपित गिरफ्तार

**जगदलपुर, 16 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के नगरनार पुलिस ने अवैध गांजा तस्करी के मामले में 12.310 किलो गांजा के साथ एक आरोपित सुरेश मेघवाल निवासी जोधपुर, राजस्थान को आज शुक्रवार को ग्राम धनपुंजी आरटीओ नाका के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपित के कब्जे से जब्त गांजे की अनुमानित बाजार मूल्य 6 लाख 15 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपी के खिलाफधारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही उपरांत न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया गया है। नगरनार थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी कि ग्राम धनपुंजी आरटीओ नाका एनएच 63 के पास सफेद बोरी में गांजा रखकर वाहन का इंतजार कर रहा है। सूचन पर पुलिस की टीम नग्राम धनपुंजी आरटीओ नाका एनएच 63 पहुंचकर मुखबीर के बताये हुलिए के आरोपित सुरेश मेघवाल 20 वर्ष निवासी ग्राम खारीगुर्द थाना कडवड तहसील बावरी जिला जोधपुर राजस्थान को घेराबंदी कर पकड़ा गया। जांच में सफेद बोरी में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर वाहन की तलाश में धनपूंजी आरटीओ नाका के पास खड़ा था। आरोपित के कब्जे से कुल 3 पैकेट जिसमें 12.310 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा एवं नगद रकम 2350 रुपये बरामद किया गया।

### आईटीबीपी ने नक्सलियों के डंप हथियार, गोला-बारूद व आईईडी बरामद की

**कांकेर, 16 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में नक्सलवाद के खात्में के बाद कांकेर पुलिस, डीआरजी, बीएसएफऔर आईटीबीपी की संयुक्त टीम द्वारा लगाातार चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत आज शुक्रवार को नक्सलियों के डंप से बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और आईईडी बरामद किया गया है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि आत्मसमर्पित नक्सलियों से मिली खुफ्यि जानकारी के आधार पर बरामद हथियारों में एक 7.62 एसएलआर राइफ्ल, एक 5.56 इंसास राइफ्ल, पांच थ्री-नॉट-थ्री राइफ्ल, 11 सिंगल शॉट देसी मेड गन, आठ बीजीएल लॉन्चर, पांच भरमार बंदूक, 15 सिंगल शॉट 12 बोर बंदूक, दो देसी कट्टा, एक 315 बोर बंदूक और एक 7.65 एमएम पिस्टल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, 10 कुकर बम, एक तीर बम, 13 मैगजीन, 469 कारतूस, 34 बीजीएल सेल, 46 किलो बारूद, चार वॉकी-टॉकी और एक छोटा गैस वेल्डिंग मशीन भी मौके से बरामद किया गया। उन्होने कह कि भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

### तेंदूपत्ता बोनस दिलाने संग्राहकों ने कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी को सौंपा ज्ञापन

**बीजापुर, 16 मई।** जिले के पामेड़ क्षेत्र के तेंदूपत्ता संग्राहकों ने पिछ्ले चार वर्षों से लंबित तेंदूपत्ता बोनस राशि दिलाने की मांग को लेकर बीजापुर के कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी को विधायक निवास पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति पामेड़ के प्रबंधक रामाराव व्ही. पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने विगत चार वर्षों से तेंदूपत्ता संग्राहकों को बोनस राशि का भुगतान नहीं किया है। ज्ञापन में बताया गया कि समिति के अंतर्गत 23 फ्ड़ संचालित हैं, जहां संग्राहक मेहनत से तेंदूपत्ता एकत्र करते हैं, लेकिन बोनस की राशि नहीं मिलने से उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संग्राहकों ने आरोप लगाया कि जब वे बोनस राशि के बारे में पूछते हैं, तो पामेड़ के प्रबंधक रामाराव व्ही. उन्हें डरा-धमकाकर चुप करा देते हैं। ज्ञापन प्राप्त करने के बाद कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी ने कहा तेंदूपत्ता संग्राहकों का बोनस पाने का अधिकार है। गरीब आदिवासियों की मेहनत पर डाका डालने वालों को चिह्नित कर उन पर कार्रवाई हो। विधायक मंडावी ने शासन-प्रशासन से मांग की है, कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच हो और दोषी पाए जाने पर प्रबंधक रामाराव व्ही. के खिलाफउचित कार्रवाई की जाए तथा संग्राहकों के चार वर्षों के लंबित बोनस का भुगतान तत्काल किया जाए। विधायक ने यह भी कहा है कि यदि मामले की जांच और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो तेंदूपत्ता संग्राहकों के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में पामेड़ क्षेत्र के ग्रामीण एवं तेंदूपत्ता संग्राहक उपस्थित थे।

# महंगाई को लेकर सड़क पर उतरी महिला कांग्रेस, मोदी सरकार पर साधा निशाना

- महंगाई से हर वर्ग परेशान, आम जनता की कमर टूट गई
- सुलोचना कर्मा ने कहा जनता परेशान, लेकिन सरकार मौन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**दंतेवाड़ा 16 मई ।** देश में लगातार बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल की आसमान छूती कीमतों और रोजमर्रा की वस्तुओं के बढ़ते दामों को लेकर दंतेवाड़ा महिला कांग्रेस ने केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा के निर्देशानुसार आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस एवं कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि को आम जनता के लिए बड़ा आर्थिक संकट बताया। महिला कांग्रेस नेताओं ने कहा कि महंगाई ने गरीब, मजदूर, किसान, व्यापारी और मध्यम वर्गीय परिवारों का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। रसोई गैस, खाद्य सामग्री, सब्जियों और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, जिससे लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है।

महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार जनता को राहत देने में पूरी तरह असफ्ल साबित हुई है। बढ़ती ईंधन कीमतों का सीधा असर परिवहन और बाजार व्यवस्था पर पड़ रहा है, जिसके कारण हर वस्तु महंगी होती जा रही है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर सरकार विरोधी नारे लगाए और आम लोगों को राहत देने की मांग की।

जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज देश की जनता महंगाई से त्रस्त है, लेकिन सरकार जनता की परेशानियों को नजरअंदाज कर रही है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से सबसे ज्यादा असर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है। मजदूर वर्ग और छोटे व्यवसायी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के हितों के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी करती रहेगी।

महिला कांग्रेस जिला शहर अध्यक्ष इंदिरा शर्मा ने कहा कि घर की जिम्मेदारी संभालने वाली महिलाओं के लिए आज परिवार चलाना बेहद मुश्किल हो गया है। रसोई गैस से लेकर खाने-पीने की वस्तुओं तक हर चीज के दाम बढ़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि महंगाई का सबसे बड़ा बोझ महिलाओं पर पड़ रहा है और केंद्र सरकार को तुरंत राहत देने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

ब्लॉक अध्यक्ष सुमित्रा सोरी ने कहा कि भाजपा सरकार केवल बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि आज किसान, युवा, व्यापारी और महिलाएं सभी महंगाई से परेशान हैं, लेकिन सरकार केवल प्रचार में व्यस्त है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही महंगाई पर नियंत्रण नहीं किया गया तो महिला कांग्रेस आने वाले समय में और बड़ा जनआंदोलन करेगी।

युवा कांग्रेस अध्यक्ष गणेश दुर्गा ने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से युवाओं और आम लोगों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। बेरोजगारी और महंगाई ने युवाओं को सबसे ज्यादा परेशान किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता जनता की आवाज बनकर लगातार संघर्ष करेंगे।

इस विरोध प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, जिला महामंत्री रविश सुराना, राधा नाग, इंदिरा ठाकुर, मनोज मालवीय, मनोज कोरम, रजत दहिया, ऋषभ सुराना, राकेश मंडावी, वेदांत पांडे, कविश कर्मा, चविंद्र नेताम, सुनील जोशी, वसीम, जितेंद्र कश्यप, भोला, अरुण, पिंटू, बलवत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

# इकोनॉमिक्स में 99 और अकाउंट्स में 98: ए.टी. इंस्टीट्यूट के बच्चों ने सीबीएसई में गाड़े सफलता के झंडे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**जगदलपुर 16 मई।** सीबीएसई 12वीं के परिणामों में ए.टी इंस्टीट्यूट ऑफ कॉमर्स के विद्यार्थियों ने अपनी मेधा से सफ्लता का नया इतिहास रचा है। वैष्णवी ठाकुर (93%), तनिष्क जैन (92.6%), वंशिका चौहान (92.4%), जिनिशा जैन (90.6%), और इशिता जोशी (88.6%) जैसे होनहारों ने शीर्ष स्थान हासिल किया। विषयवार प्रदर्शन में वंशिका चौहान ने इकोनॉमिक्स में 99 अंक लाकर कीर्तिमान स्थापित किया, जहाँ वैष्णवी (98), अंश चांडक (94), इशिता (91), राजा दुग्गड़ (91) और सौम्या मोदी (91) ने भी अपना लोहा मनवाया। वहीं अकाउंट्स में तनिष्क जैन ने 98 अंकों के साथ महारत साबित की, जबकि जिनिशा व मौली (94), प्रत्यूष व वैष्णवी (93), और अल्विया व अंश (91) और श्रुति ने (90) अंकों का शानदार आंकड़ा पार कर संस्थान को गौरवान्वित किया। इस शानदार उपलब्धि को मान्या गुप्ता, आयुषी कुंडू, युवी जैन, पलक नायक, नैतिक लुंडक, जितेश चांडक, आदित्य वर्मा, शुभ जैन, प्रियांशु सुराना, आतिफकुरैशी और प्रेम शर्मा जैसे समर्पित सितारों ने अपनी मेहनत से और भी भव्य बना दिया है। इस ब्राइट और फैंटास्टिक भविष्य को गढ़ने का पूरा श्रेय तनीम मिर्ज़ा और अंकित सामंत को जाता है, जिनके बेजोड़ मार्गदर्शन और शिक्षण शैली ने छात्रों की क्षमता को सफ्लता में बदला। इन गुरुओं के समर्पण और विद्यार्थियों के जुनून के संगम ने आज ए.टी. इंस्टीट्यूट को शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहचान दी है। संस्थान अपने

### मान्या ने 92% अंक प्राप्त कर परिवार एवं स्कूल को गौरवान्वित किया



**जगदलपुर।** हमें अत्यंत हर्ष एवं गर्व है कि हमारी पुत्री मान्या जैन ने सीबीएसई कक्षा 12वीं परीक्षा में PCM (भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं गणित) संकाय से 92% अंक प्राप्त कर परिवार एवं विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। मान्या ने अपनी मेहनत, लगन और समर्पण से यह सफ्लता प्राप्त कर अपने दादा-दादी का सपना साकार किया है। यह उपलब्धि पूरे परिवार के लिए गर्व और खुशी का क्षण है। इस सफ्लता का श्रेय उनके कठिन परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं परिवार के आशीर्वाद को जाता है।

# निगम उपचुनाव के लिए कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी ने किया नामांकन दाखिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 16 मई।** नगर निगम उपचुनाव के लिए कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी रामकृष्ण तिवारी ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में राजीव भवन से कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, सेवादल और वरिष्ठ नेता शामिल हुए। पार्टी झंडों और नारों के बीच कांग्रेसजनों ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए प्रत्याशी का उत्साहवर्धन किया। कलेक्ट्रेट पहुंचकर रामकृष्ण तिवारी ने वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में नामांकन दाखिल किया।

इस दौरान जिला अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि कांग्रेस हमेशा विकास, जनसेवा, सामाजिक न्याय और अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने दावा किया कि नामांकन रैली में उमड़ी भीड़ इस बात का संकेत है कि कांग्रेस प्रत्याशी उपचुनाव में भारी बहुमत से जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने नगर निगम क्षेत्र में सड़क, पानी, सफाई और मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी को बड़ा मुद्दा बताते हुए कहा कि जनता इस उपचुनाव में जवाब देगी। प्रत्याशी रामकृष्ण तिवारी ने क्षेत्रवासियों के समर्थन पर आभार जताते हुए कहा कि वे स्वर्गीय रशीद खान के मार्गदर्शन और जनसेवा की परंपरा को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि वार्ड की समस्याओं का त्वरित समाधान, महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा तथा क्षेत्र के समग्र विकास को प्राथमिकता दी जाएगी। रामकृष्ण तिवारी ने पार्टी नेतृत्व, प्रदेश और जिला संगठन सहित सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद देते हुए कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा से खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि यह चुनाव केवल उनका नहीं, बल्कि वार्ड के हर उस नागरिक का है जो वास्तविक विकास चाहता है।

इस दौरान कनीज फातिमा, उमाशंकर शुक्ला, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, मिथलेश स्वर्णकार, पूर्व महापौर जतिन जायसवाल, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, रामशंकर राव, हनुमान द्विवेदी, अभिषेक नायडू, जाहिद हुसैन, सुनीता सिंह, सुषमा सुता, अनुराग महतो, कौशल नागवंशी, निकेत राज झा, विशाल खंबारी, रोजवीन दास, राजेंद्र पटवा, हेमू उपाध्याय, अब्दुल सईद, ललिता राव, अंजना नाग और शहनाज बेगम सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# रेलवे सुरक्षा को लेकर आरपीएफ ने चलाया जागरूकता अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 16 मई।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा रेलवे सुरक्षा, कानूनी जानकारी और सामाजिक जागरूकता को लेकर अमागुड़ा-नकटीसेमरा सेक्शन में आज शुक्रवार को विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का संचालन एचसी 4198 एन. पात्रा एवं एके. टाकरी ने किया। अभियान के दौरान अमागुड़ा गांव, बमनी गांव एवं एलसी गेट क्रमांक केके-74 क्षेत्र में ग्रामीणों, राहगीरों और स्थानीय निवासियों को रेलवे सुरक्षा एवं कानून संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। जागरूकता कार्यक्रम में रेलवे ट्रैक पर अनधिकृत रूप से चलने या पार करने के खतरों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही मानव तस्करी जैसे अपराधों के प्रति लोगों को सतर्क रहने, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान करने और इसकी सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को देने के लिए प्रेरित किया गया। महिलाओं की सुरक्षा और सहायता के लिए रेलवे द्वारा संचालित ÷मेरी सहेली÷ पहल की जानकारी भी दी गई। इसके अलावा रेलवे लेवल क्रॉसिंग पार करते समय बरती जाने वाली सावधानियां, गेट सिग्नल का पालन करने का महत्व तथा रेलवे फाटक के नियमों के बारे में समझाइश दी गई। कार्यक्रम में एनडीपीएस अधिनियम से जुड़े अपराधों, नशीले पदार्थों के अवैध परिवहन और उपयोग के खिलाफभी जागरूक किया गया।

ग्रामीणों से अपील की गई कि रेलवे परिसर या ट्रैक के आस-पास किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल आरपीएफअथवा रेलवे प्रशासन को सूचित करें। अभियान के दौरान गांव के सरपंच, वार्ड सदस्यों और अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बैठक भी आयोजित की गई। इसमें रेलवे सुरक्षा और संरक्षा बनाए रखने में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई। ग्रामीणों ने इस जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए भविष्य में भी रेलवे सुरक्षा के प्रति पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# बीआईओपी सीनियर सेकेंडरी विद्यालय किरंदुल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

- सीबीएसई कक्षा 12वीं में विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, 38 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल 16 मई।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 13 मई 2026 को घोषित कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम में लोह नगरी किरंदुल स्थित बी.आई.ओ.पी. सीनियर सेकेंडरी विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के तीनों संकायों के छात्र-छात्राओं ने शानदार सफ्लता अर्जित कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय स्तर पर कु. रिया सिंह ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं कु. वर्षा ठाकुर ने 86 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा कु. आरिशा हुसैन ने 85 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**विज्ञान संकाय में सानिया कुंजाम अव्वल**

विज्ञान समूह में कु. सानिया कुंजाम ने 72.4 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। कु. अनन्या नायक ने 69.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा कु. शिल्पा पॉल ने 69 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान हासिल किया।

**कॉमर्स संकाय में उमेश कुमार कड़ोती प्रथम:** कॉमर्स समूह में मा. उमेश कुमार कड़ोती ने 75.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। मा. अक्षय कर्मा ने 75.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा कु. तनिषा सोरी ने 74.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**आर्ट्स संकाय में रिया सिंह का दबदबा:** आर्ट्स समूह में भी कु. रिया सिंह ने 91 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। कु. वर्षा ठाकुर द्वितीय तथा कु. आरिशा हुसैन तृतीय स्थान पर रहीं।

विद्यालय के कुल 38 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर शानदार सफ्लता अर्जित की। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में हर्ष का वातावरण है। विद्यालय के प्राचार्य श्री सुनील कुमार दुबे ने इस सफ्लता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों के अथक परिश्रम, एनएमडीसी प्रबंधन किरंदुल के मार्गदर्शन, विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया। उन्होंने सभी सफ्ल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

# शनिदेव जन्मोत्सव पर शनि मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 16 मई।** सूर्य पुत्र एवं न्याय के देवता शनिदेव महाराज जी का आज अवतरण दिवस है। इस उपलक्ष्य में आज नगर स्थित शनि मंदिर में सुबह से ही भक्तों की अपार भीड़ देखी गई। शनिदेव जी की जंयती के शुभ अवसर पर आज मंदिर में विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आज सुबह शुभ मुहुर्त में शनिदेव जी का विशेष अभिषेक, पूजन एवं आरती की गई। शाम को महाभंडारा प्रसाद वितरण किया जाएगा।

गौरतलब है कि हर वर्ष ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि तिथि को शनिदेव जी का जन्मोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर स्थित शनि मंदिर में धुमधाम के साथ शनिदेव जी की जयंती मनाई जा रही है। आज शनिवार का दिन होने से शनि जयंती का महत्व कई गुना गढ़ गया है क्योंकि शनिवार स्वयं शनिदेव जी को समर्पित वाला दिन है। शनिवार एवं शनि जयंती होने से आज मंदिर में सुबह से भक्तों की अपार भीड़ लगी रही। भगवान की जयंती से एक दिन पूर्व शाम को भगवान शनिदेव जी को फूलों से सुसज्जित वाहन में बैठाकर नगर भ्रमण करवाया गया। नगर भम्रण के दौरान भक्तों ने शनिदेव जी के दर्शन कर अपने को धन्य किया। पूरे नगर का एक चक्कर लगाने के पश्चात शनिदेव महाराज जी वापस देर शाम अपने धाम पहुंचे। भगवान के वापसी पर शनिदेवजी को भोग चढ़ाकर विशेष पूजा आरती की गई। आज कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि है और आज ही सूर्यपूत्र भगवान शनिदेव जी का जन्म हुआ था। शनिदेव को न्याय का देवता माना गया है, जो मनुष्यों को उनके कर्मो के अनुरूप फल प्रदान करते हैं। ऐसी मान्यता है कि शनि जयंती के दिन विधि विधान से पूजा अर्चना करने पर शनि दोष, शनि की साढेसाती, और ढैया जैसे विभिन्न कष्टों से राहत मिलती है। भगवान के अवतरण दिवस पर आज सुबह 6 बजे शनिदेव जी का दुध, दही, शहद, घी, पचामृत, तिल के तेल एवं गंगाजल से अभिषेक किया गया। शनि चालीसा पढ़ी गई। अभिषेक पश्चात भगवान को 32 दीपों की महाआरती की गई। सुबह 9 बजे से शनि मंदिर में मंदिर समिति द्वारा सुंदरकाण्ड, हनुमान चालीसा, सत्संग पाठ किया गया। हवन उपरांत पूर्णाहुति की गई। आज संध्या पहर मंदिर में महाभंडारा प्रसाद वितरण किया जाएगा। मंदिर के मुख्य पुजारी विभुषि भूषण मिश्र ने बताया कि ज्येष्ठ मास की अमावस्या को भगवान श्री शनिदेव जी का अवतरण हुआ था। पौराणिक कथाओं के अनुसार इनका जन्म सूर्यदेव की दूसरी पत्नि छाया से हुआ था। शनिदेव जब मां के गर्भ में थे तब मां छाया भगवान शिव की घोर तपस्या में लीन थी। छाया के तप के प्रभाव से गर्भस्थ शिशु शनि भी जन्म लेने के पश्चात शिव भक्ति में लीन रहने लगे। एक दिन उन्होने सूर्यदेव से कहा कि पिताश्री मैं हर मामले में आपसे सात गुना ज्यादा रहना चाहता हूं यहां तक कि आपके मंडल से मेरा मण्डल सात गुना अधिक हो, मुझे आपसे सात गुना अधिक शक्ति प्राप्त हो, मेरे वेग का कोई सामना न कर सके। चाहे वह वेग, देव, असूर, दानव, या सिद्ध साधक ही क्यों न हो। आपके लोक से मेरा लोक सात गुना उंचा रहे। मुझे मेरे आराध्य देव श्रीकृष्ण के प्रत्यक्ष दर्शन हो और मैं भक्ति ज्ञान से पूर्ण हो जाउं। पुत्र शनि के श्रद्धा एवं निष्ठा से प्रसन्न होकर सूर्यदेव ने उन्हें अविमुक्त क्षेत्र काशी जाने और वहीं शिव की आराधना करने का परामर्श दिया। शनिदेव काशी गए और शिव आराधना करने लगे। तपस्या से प्रसन्न होकर शिवजी प्रकट हुए और उन्होने ग्रहों में सर्वोपरि स्थान तो दिया ही साथ ही मृत्युलोक का न्यायधीश भी नियुक्त किया। उन्हें साढेसाती और ढैया का वरदान दिया। साढेसाती की अवधि सत्ताईश सौ दिन और ढैया की अवधि नौ दिन नियत की तब से लेकर आज तक शनिदेव की ढैया और साढेसाती को दंडस्वरूप समझा जाता है। पिता सूर्य ने शनिदेव जी को मकर और कुंभ राशि के साथ अनुराधा, पुष्य और उत्तराभाद्रपद नक्षत्र का अधिपति भी बनाया। शनिदेव जी ने जिस शिवलिंग की स्थापना की वही आज नौवें ज्योर्तिलिंग श्रीकाशीविश्वनाथ के नाम से प्रसिद्ध है।

### साढ़े 6 लाख के नकली नोट के साथ एक आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कांकेर,16 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में नकली करेंसी के एक चौंकाने वाले मामला का खुलासा हुआ है। आर्थिक तंगी और कर्ज के दबाव में एक व्यक्ति ने पैसे कमाने के लिए गैरकानूनी रास्ता अपनाया और अपने ही घर में 500-500 रुपये के नकली नोट छापने लगा। आरोपी का मकसद इन नकली नोटों को बाजार में चलाकर कर्ज चुकाना और जल्द अमीर बनना था, लेकिन बाजार में नकली नोट खपाने से पहले ही पुलिस ने आरोपी रोशन सिंह राजपूत को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से साढ़े 6 लाख रुपये के नकली नोट बरामद किया है। कांकेर एसपी निखिल अशोक कुमार राखेचा ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से आज शुक्रवार को सूचना मिली थी कि नए बस स्टैंड इलाके में एक युवक बड़ी मात्रा में नकली नोट लेकर घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर तलाशी के दौरान उसके पास से 500-500 रुपये के बड़ी संख्या में नकली नोट बरामद हुए।

# जिले में पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त भंडार, 141 पेट्रोल पम्पों में हो रही लगातार आपूर्ति

## कलेक्टर ने अफवाहों पर ध्यान न देने व आवश्यकतानुसार ईंधन क्रय करने की अपील की

- कलेक्टर ने ऑयल कंपनियों व अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक, आपूर्ति व्यवस्था पर सतत निगरानी रखने के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 16 मई।** जिले में पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है तथा सभी पेट्रोल पम्पों पर नियमित रूप से ईंधन उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा आपूर्ति व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जा रही है ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर ने ऑयल कंपनियों के सेल्स ऑफिसर्स एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक भी ली। बैठक में बताया गया कि जिले में कुल 141 पेट्रोल एवं डीजल पम्प संचालित हैं। वर्तमान में जिले में पेट्रोल का उपलब्ध स्टॉक 893 किलोलीटर तथा डीजल का उपलब्ध स्टॉक 1102 किलोलीटर है। जिले में प्रतिदिन पेट्रोल की औसत आवश्यकता लगभग 202 किलोलीटर एवं डीजल की दैनिक आवश्यकता लगभग 460 किलोलीटर है। उपलब्ध भंडारण के अनुसार जिले में वर्तमान स्थिति में आवश्यकता से अधिक ईंधन का स्टॉक सुरक्षित रूप से उपलब्ध है। संबंधित ऑयल कंपनियों के माध्यम से लगातार आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफ्वाह अथवा भ्रम की स्थिति में न आएं और केवल आवश्यकता अनुसार ही पेट्रोल एवं डीजल का क्रय करें। प्रशासन द्वारा सभी पेट्रोल पम्पों पर आपूर्ति व्यवस्था की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है तथा पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने जिले में मांग के अनुरूप नियमित आपूर्ति बनाए रखने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारी एवं ऑयल कंपनियों के प्रतिनिधियों को सख्त निर्देश दिए। साथ ही राजस्व विभाग के अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के पेट्रोल एवं डीजल पम्पों का नियमित निरीक्षण करने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए है।

जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि विगत दो दिनों में कुछ पेट्रोल एवं डीजल पम्पों पर अस्थायी रूप से स्टॉक ड्राई होने की स्थिति बनी थी। इसके बाद फैली अफ्वाहों एवं घबराहट के कारण लोगों द्वारा अचानक बड़ी मात्रा में ईंधन खरीदा जाने लगा, जिससे मांग में अप्रत्याशित वृद्धि हुई और कुछ स्थानों पर कृत्रिम अभाव जैसी स्थिति निर्मित हो गई। उन्होंने बताया कि संबंधित ऑयल कंपनियों के माध्यम से लगातार आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है और स्थिति तेजी से सामान्य हो रही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से कहा कि ईंधन का अनावश्यक संग्रहण न करें तथा संयमित एवं आवश्यकता अनुसार ही पेट्रोल-डीजल का उपयोग करें, ताकि सभी उपभोक्ताओं को सुचारु रूप से ईंधन उपलब्ध हो सके।

## समाचार संक्षेप

### सुशासन तिहार में लोगों की समस्याओं का हो रहा त्वरित एवं प्रभावी निराकरण



- राजपुर शिविर में बड़ी संख्या में प्रकरणों का मौके पर निराकरण
- महतारी वंदन योजना के तहत 39 महिलाओं का हुआ ई-केवाईसी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 16 मई।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप संचालित सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत लैलूंगा विकासखंड के ग्राम राजपुर में आज जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों का उत्साह एवं प्रशासन के प्रति विश्वास देखने को मिला। शिविर में क्लस्टरवार 23 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया था, जिसमें ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचकर अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर में 1100 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें राजस्व, पंचायत, खाद्य, स्वास्थ्य, आवास एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़े प्रकरण प्रमुख रहे। कई मामलों का मौके पर ही निराकरण कर हितग्राहियों को त्वरित राहत प्रदान की गई।

शिविर में पहुंचे राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि सुशासन तिहार शासन और आमजन के बीच मजबूत संवाद का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। इसके माध्यम से प्रशासन सीधे गांवों तक पहुंच रहा है और लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित शिविरों से आम नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है, जिससे लोगों का शासन के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है।

पूर्व मंत्री सत्यानंद राठिया ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य केवल आवेदन प्राप्त करना नहीं, बल्कि आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता, गंभीरता एवं प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लेते हुए समय-सीमा में उसका समाधान किया जाए, ताकि ग्रामीणों को वास्तविक राहत मिल सके। जनपद पंचायत अध्यक्ष ज्योति भगत ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी मिल रही है तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

## एक नजर

### आंगनबाड़ी केन्द्र हनुमाननगर में सहायिका पद के लिए आवेदन 1 तक

**रायगढ़, 16 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महिला एवं बाल विकास विभाग रायगढ़ (शहरी) परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र हनुमाननगर वार्ड क्रमांक 28 में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती के लिए 18 मई से 01 जून तक आवेदन मंगाए गए है। इच्छुक आवेदिका विभाग के ऑनलाइन पोर्टल ड्ड22.द्ध-ङ्खद्धड्डह्लह्लद्ध.द्बठ्ठ पर आवेदन कर सकते है। एकीकृत बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी ने बताया कि पूर्व में जारी विज्ञप्ति में टंकण त्रुटिवश हनुमाननगर आंगनबाड़ी केन्द्र का वार्ड क्रमांक 28 के स्थान पर वार्ड क्रमांक 26 अंकित हो गया था। जिसे तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए आंगनबाड़ी केन्द्र हनुमाननगर वार्ड क्रमांक 28 में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती के लिए आवेदन मंगाए गए है। नियुक्ति से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है।

### एच.पी.व्ही. टीकाकरण अभियान में 18 किशोरियों को लगाया गया टीका



**रायगढ़, 16 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर के निर्देश तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में महिलाओं में ग्रीवा कैंसर (सर्वाइकल कैंसर) की रोकथाम के लिए एच.पी.व्ही. टीकाकरण अभियान रायगढ़ शहरी क्षेत्र में प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में 15 मई को रायगढ़ शहरी क्षेत्र में कुल 18 बालिकाओं का एच.पी.व्ही. टीकाकरण किया गया। यह टीकाकरण जिले के तीन प्रमुख कोल्ड चैन प्वाइंट-शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामभांठा, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गांधीनगर (जूटमिल) एवं किरोड़ीमल शासकीय जिला चिकित्सालय रायगढ़ में किया जा रहा है। शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग (15 वर्ष पूर्ण न किया हो) की किशोरियों का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयासरत है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. भानुप्रताप पटेल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा एवं शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. सोनाली मेश्राम के मार्गदर्शन में टीकाकरण कार्यक्रम को गति दी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा घर-घर पहुंचकर जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, ए.एन.एम., एम.पी.डब्ल्यू., क्षेत्र समन्वयक, मितानिन प्रशिक्षक एवं मितानिनों द्वारा विशेष प्रयास करते हुए पात्र बालिकाओं को टीकाकरण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामभांठा एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गांधीनगर में यह वैक्सीन निःशुल्क उपलब्ध है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी बेटियों का समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं। यह टीका केवल बीमारी से सुरक्षा नहीं बल्कि बेटियों के सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य की मजबूत नींव है। अधिक जानकारी के लिए नागरिक अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र या ए.एन.एम. से संपर्क कर सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग का संकल्प है कि रायगढ़ जिले की प्रत्येक बेटी स्वस्थ, सुरक्षित और जागरूक बने।

# अवैध उत्खनन और परिवहन पर जिला प्रशासन की कार्रवाई, 7 दिनों में 17 वाहन व मशीनें जब्त

## रेत और चूनापत्थर के अवैध कारोबार पर कसा शिकंजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 16 मई।** कलेक्टर के निर्देश पर जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। सहायक खनि अधिकारी आशीष गड़पाले एवं जिला खनिज जांच दल द्वारा विगत 7 दिनों में व्यापक अभियान चलाकर अवैध खनिज कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों और वाहनों पर बड़ी कार्यवाही की गई। कार्रवाई के दौरान रेत एवं चूनापत्थर के अवैध उत्खनन और परिवहन में उपयोग किए जा रहे कुल 17 वाहन एवं मशीनें जप्त की गई हैं। जप्त किए गए वाहनों में 06 हाईवा, 02 ट्रेलर, 05 ट्रेक्टर, 01 ट्रेक्टर लोडर, 02 जेसीबी एवं 01 चैन माउंटेन मशीन शामिल हैं। सभी वाहनों को सुरक्षा की दृष्टि से कलेक्ट्रेट परिसर रायगढ़, थाना खरसिया, थाना घरघोड़ा एवं थाना पूंजीपथरा में रखा गया है।

खनि अधिकारी ने बताया कि खनिज जांच दल द्वारा ग्राम छिरभौना, तहसील घरघोड़ा में विजय कुमार यादव के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 01 जेसीबी एवं 03 ट्रेक्टर जप्त किए गए। वहीं ग्राम चन्द्रशेखरपुर, तहसील खरसिया में रितेश गुप्ता के विरुद्ध कार्रवाई कर 01 चैन माउंटेन मशीन, 01 जेसीबी और 02 हाईवा जप्त किए गए। इसी तरह ग्राम लेबड़ा में चेतक पटेल के खिलाफकार्रवाई करते हुए 01 ट्रेक्टर लोडर एवं 02 हाईवा जप्त किए गए। इसके अतिरिक्त अवैध परिवहन के मामलों में चूनापत्थर के 4 प्रकरण एवं रेत के दो प्रकरणों में हाईवा एवं ट्रेक्टरों पर भी कार्रवाई की गई। सभी प्रकरणों में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015, खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 एवं 23(क) तथा छत्तीसगढ़ खनिज (खनन, परिवहन एवं भण्डारण) नियम 2009 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिला प्रशासन ने खनिज ठेकेदारों एवं परिवहनकर्ताओं को पुनः चेतावनी देते हुए कहा है कि बिना अभिवहन पास के खनिज उत्खनन, परिवहन अथवा भण्डारण करना दण्डनीय अपराध है। जिले में अवैध खनिज गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आगे भी लगातार अभियान जारी रहेगा।

### मुख्यमंत्री साय के सुशासन में ग्रामीण महिलाओं को मिल रही नई पहचान

**रायगढ़, 16 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** यदि अवसर और सही मार्गदर्शन मिल जाए, तो संघर्ष भी सफ्लता में बदल जाता है। रायगढ़ जिले के ग्राम पंचायत जकेला की पद्मिनी गुप्ता ने इस बात को सच साबित कर दिखाया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित सुशासन और महिला सशक्तिकरण केंद्रित योजनाओं का लाभ लेकर आज वे आत्मनिर्भरता की मिसाल बन चुकी हैं।



कभी आर्थिक तंगी से जूझने वाली पद्मिनी गुप्ता आज 'प्रतिज्ञा स्व-सहायता समूह' की सक्रिय सदस्य के रूप में मछली पालन व्यवसाय से अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं। साथ ही वे गांव की अन्य महिलाओं को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रही हैं। पद्मिनी बताती हैं कि पहले परिवार का भरण-पोषण करना बेहद कठिन था। सीमित संसाधनों और कम आय के कारण जीवन संघर्षपूर्ण था। इसी दौरान उन्होंने 'बिहान' योजना के तहत 'प्रतिज्ञा स्व-सहायता समूह' से जुड़कर नई शुरुआत की। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें बचत, स्वरोजगार और सामूहिक कार्य की जानकारी मिली। शासन की योजनाओं से जुड़ाव ने उनके भीतर आत्मविश्वास जगाया और आर्थिक रूप से आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समूह को जलाशय में 10 वर्षों का पट्टा आवंटित किया गया। यह अवसर पद्मिनी और उनके समूह के जीवन में बड़ा बदलाव लेकर आया। मत्स्य विभाग द्वारा समूह को उच्च गुणवत्ता वाले मछली बीज, मछली पकड़ने के लिए जाल, आइस बॉक्स तथा वैज्ञानिक पद्धति से मछली पालन का प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया। साथ ही मछलियों के आहार और तकनीकी मार्गदर्शन से उत्पादन क्षमता में भी वृद्धि हुई। आज समूह की महिलाएं मछली पालन से अच्छी आय अर्जित कर रही हैं। नियमित आमदनी से परिवार की जरूरतें आसानी से पूरी हो रही हैं।

### मॉक ड्रिल, वरिष्ठ अधिकारियों ने गोपनीय रूप से परखी जांच व्यवस्था

## तीनों सब-डिवीजन में एक साथ लूट व चेन स्नैचिंग पर रायगढ़ पुलिस का लाइव एक्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 16 मई।** एसएसपी शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी अनिल सोनी के मार्गदर्शन पर आज जिले के रायगढ़ शहर, खरसिया और धरमजयगढ़ क्षेत्र में लूटपाट, चेन स्नैचिंग और संपत्ति संबंधी घटनाओं के बाद पुलिस रिस्पॉन्स, नाकेबंदी व्यवस्था और संदिग्धों की जांच को परखने के लिए लाइव मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस विशेष अभ्यास की खास बात यह रही कि वरिष्ठ अधिकारी स्वयं गोपनीय तरीके से इसमें शामिल होकर मौके पर पुलिसकर्मियों की प्रतिक्रिया, चेकिंग व्यवस्था और अपराधियों की धरपकड़ की रणनीति का निरीक्षण करते रहे।

रायगढ़ शहर में कंट्रोल रूम से सूचना प्रसारित की गई कि सिविल लाइन रोड पर एक महिला से चेन स्नैचिंग हुई है और बाइक सवार दो आरोपी सत्तीगुड़ी चौक की ओर भागे हैं। सूचना मिलते ही कोतवाली और चक्रधरनगर पुलिस ने शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर तत्काल नाकेबंदी शुरू की। इसी दौरान रेलवे स्टेशन के पास बैग लूट की दूसरी घटना का डेमो भी कराया गया। एडिशनल एसपी अनिल सोनी एवं डीएसपी सुशांतो बनर्जी स्वयं कोतवाली और चक्रधरनगर क्षेत्र के चेकिंग पॉइंट पर पहुंचे और पुलिस कार्रवाई की मॉनिटरिंग की। डेमो में शामिल संदिग्ध शहर भ्रमण के बाद ओडिशा रोड की ओर भाग रहे थे, जिन्हें पहाड़ मंदिर के पास चक्रधरनगर पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया।

खरसिया क्षेत्र में दोपहर लगभग 12 बजे कंट्रोल रूम से लूटपाट की सूचना प्रसारित की गई। सूचना के आधार पर थाना एवं चौकी स्तर पर तत्काल नाकेबंदी कर प्रमुख मार्गों और चौक-चौराहों पर सघन जांच शुरू की गई। लगभग 12:30 बजे एक संदिग्ध को चौकी खरसिया पुलिस ने रायगढ़ चौक पर पकड़ा, जबकि दूसरे संदिग्ध को करीब 12:40 बजे थाना खरसिया पुलिस ने मदनपुर चौक पर घेराबंदी कर दबोच लिया। तीसरा संदिग्ध मौके का फायदा उठाकर फरार होने में सफ्ल रहा। इस कार्रवाई में तीन संदिग्धों में से दो को पकड़कर पुलिस ने त्वरित रिस्पॉन्स और प्रभावी नाकेबंदी का सफ्ल प्रदर्शन किया। इस मॉक ड्रिल का संचालन एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल के नेतृत्व में किया गया। इसी कड़ी में धरमजयगढ़ क्षेत्र में कंट्रोल रूम से सूचना दी गई कि दशहरा मैदान में एक युवती से चेन स्नैचिंग कर बाइक सवार दो आरोपी कापू रोड की ओर भागे हैं। आरोपियों के हुलिए और वाहन की जानकारी तत्काल सभी प्वाइंट पर प्रसारित की गई। एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी के नेतृत्व में धरमजयगढ़ पुलिस ने कापू रोड पर घेराबंदी कर दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया और सफ्ल कार्रवाई का प्रदर्शन किया। पूरे जिले में एक साथ कराई गई इस मॉक ड्रिल के माध्यम से रायगढ़ पुलिस ने यह संदेश दिया कि अपराध के बाद त्वरित पुलिस रिस्पॉन्स, तकनीकी समन्वय और प्रभावी नाकेबंदी व्यवस्था के जरिए अपराधियों को बच निकलने का मौका नहीं दिया जाएगा।

#### एसएसपी शशि मोहन सिंह का संदेश

अपराध के बाद पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया और नाकेबंदी व्यवस्था को मजबूत करने के लिए समय-समय पर इस प्रकार की मॉक ड्रिल कराई जाती है। जहां सुधार की आवश्यकता होती है, वहां आवश्यक सुधार सुनिश्चित किया जाता है। आज की मॉक ड्रिल में पुलिसकर्मी प्रभावी रिस्पॉन्स के साथ सफ्ल साबित हुए हैं।

### इंस्टाग्राम फ्रेंड बनकर युवती से छेड़खानी, धमकी और ब्लैकमेल करने वाला गिरफ्तार




- महिला थाना और साइबर टीम की संयुक्त कार्रवाई
- आरोपी युवक ने युवती के इंस्टाग्राम आईडी से युवती के घरवालों को भेजने लगा अश्लील पोस्ट
- शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को चक्रधरनगर क्षेत्र से दबोचा, छेड़खानी के अपराध में गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर जेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 16 मई।** रायगढ़ महिला थाना पुलिस ने सोशल मीडिया के माध्यम से युवती से दोस्ती कर छेड़खानी, धमकी और अश्लील फोटो-वीडियो भेजकर ब्लैकमेल करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। गिरफ्तार आरोपी सौरभ सिंह राजपूत पिता श्याम किशोर सिंह उम्र 24 वर्ष, निवासी लश्करगंज थाना टिकारी जिला गया (बिहार) का रहने वाला है।

पीड़िता ने 14 मई को महिला थाना रायगढ़ पहुंचकर लिखित आवेदन दिया, जिसमें बताया कि करीब 7-8 माह पहले उसकी पहचान आरोपी से इंस्टाग्राम के माध्यम से हुई थी। दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत होती थी। दिनांक 05.01.2026 को आरोपी रायगढ़ आया और मेडिकल कॉलेज रोड चक्रधरनगर क्षेत्र में युवती को बुलाकर पसंद करने की बात कहते हुए गलत नियत से हाथ पकड़कर छेड़खानी की तथा घटना किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। भय के कारण पीड़िता ने यह बात अपने परिजनों को नहीं बताई।

इसके बाद आरोपी लगातार फोन कर युवती को परेशान करता रहा और बातचीत बंद करने पर जान से मारने की धमकी देता रहा। दिनांक 30.04.2026 को आरोपी ने युवती को साथ घूमने चलने का दबाव बनाया और मना करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। भयभीत युवती आरोपी के साथ मथुरा चली गई। दिनांक 04.05.2026 को युवती ट्रेन से वापस रायगढ़ लौटी, लेकिन आरोपी उसका मोबाइल अपने पास रख लिया और केवल सिम वापस किया। घर पहुंचने के बाद पीड़िता ने पूरी घटना अपने माता-पिता को बताई।

इसके बाद आरोपी युवती से मिलने की जिद करते हुए इंस्टाग्राम आईडी के माध्यम से युवती के परिजनों को अश्लील फोटो और वीडियो भेजकर धमकाने लगा। शिकायत पर महिला थाना रायगढ़ में आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 47/2026 धारा 74, 75, 79, 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। आज आरोपी के रेलवे स्टेशन के पास देखे जाने की सूचना पर महिला थाना और थाना साइबर की संयुक्त टीम ने पीछा करते हुए चक्रधरनगर क्षेत्र से आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने स्वयं को यूट्यूबर बताया और अपराध स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त OnePlus Nord CE 2 Lite 5G मोबाइल फोन जप्त किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### सुशासन तिहार आम लोगों की उम्मीद व विश्वास का उत्सव बना

# राजपुर के शिविर में बुजुर्ग सहायक उपकरण पाकर हुए गद्गद्

- जनसमस्या निवारण शिविर बन रहे ग्रामीणों के लिए राहत और भरोसे का केंद्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 16 मई।** उम्र के इस पड़ाव में जहां सहारे की सबसे अधिक आवश्यकता होती है, वहां शासन की संवेदनशील पहल वरिष्ठजनों के जीवन में नई उम्मीद और आत्मविश्वास भर रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप प्रदेशभर में संचालित सुशासन तिहार अब केवल एक प्रशासनिक अभियान नहीं, बल्कि आमजन की उम्मीदों और विश्वास का उत्सव बन गया है। गांव-गांव आयोजित जनसमस्या निवारण शिविरों में लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मौके पर ही उपलब्ध कराया जा रहा है।

इसी कड़ी में लैलूंगा विकासखंड के ग्राम राजपुर में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर कई वरिष्ठ नागरिकों के लिए यादगार अवसर बन गया। समाज कल्याण विभाग रायगढ़ द्वारा राजपुर के तेजराम पैंकरा व रामचंद्र चौहान एवं कुंपटिया पारा ढाप के सुखराम को सेटेबल वॉकिंग स्टिक प्रदान की गई। सहायक उपकरण पाकर हितग्राहियों के चेहरे पर संतोष, आत्मीयता और खुशी साफ दिखाई दी। वर्षों से दैनिक जीवन में होने वाली कठिनाइयों के बीच यह सहायता उनके लिए बड़ी राहत साबित हुई। वहीं सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत मुख्यमंत्री वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत नलसाय पैंकरा, राय बहादुर बेहरा, मोहन बेहरा एवं विद्याधर पात्र को पेंशन स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही मुख्यमंत्री विधवा पेंशन योजना अंतर्गत देवमती पैंकरा को भी स्वीकृति पत्र सौंपा गया। पेंशन स्वीकृति मिलने से हितग्राहियों को आर्थिक संबल के साथ सम्मानपूर्वक जीवन जीने का भरोसा मिला है।

राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री सत्यानंद राठिया एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष ज्योति भगत सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा हितग्राहियों को सहायक उपकरण एवं पेंशन स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर एसडीएम लैलूंगा, जनपद पंचायत लैलूंगा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के माध्यम से शासन और जनता के बीच संवाद और विश्वास का रिश्ता और मजबूत हो रहा है। मुख्यमंत्री स्वयं गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं तथा अधिकारियों को त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दे रहे हैं। यही कारण है कि अब ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ केवल कागजों में नहीं, बल्कि धरातल पर महसूस हो रहा है।

# एक नजर

## आमों की बहार और आधुनिक तकनीक से सजी शासकीय उद्यान रोपणी पेण्ड्री

**रायपुर, 16 मई।** मई की झुलसाती गर्मी में जहां लोग पेड़ों की छांव और ठंडी हवा की तलाश में भटकते नजर आते हैं, वहीं राजनांदगांव शहर के पेण्ड्री स्थित शासकीय उद्यान रोपणी में कदम रखते ही मौसम का मिजाज बदला-बदला सा महसूस होता है। रंग-बिरंगे फूलों से सजी क्यारियां, फलों से लदे वृक्ष और हरियाली से आच्छादित परिसर यहां आने वाले हर व्यक्ति को सुकून और ताजगी का एहसास कराते हैं। ग्रीष्म ऋतु के बावजूद पेण्ड्री की यह बगिया इन दिनों पूरी तरह खिली हुई है। गुलाब, गंधराज, हरसिंगार, चंपा और बोगनविलिया की महक से वातावरण सुवासित है। वहीं आम्रपाली, लंगड़ा, दशहरी, चौसा और बाम्बेग्रीन जैसी आम की प्रजातियों से लदे पेड़ उद्यान की खूबसूरती में चार चांद लगा रहे हैं। पेण्ड्री की यह रोपणी केवल सुंदरता का केंद्र नहीं है, बल्कि आधुनिक उद्यानिकी और उन्नत कृषि तकनीक का भी महत्वपूर्ण केन्द्र बन चुकी है। यहां स्थापित प्लग टाइप वेजीटेबल सीडलिंग प्रोडक्शन यूनिट किसानों के लिए नई उम्मीद लेकर आई है। जापानी पद्धति पर आधारित इस यूनिट में तापमान, नमी और प्रकाश को नियंत्रित कर पौध तैयार किए जाते हैं, जिससे कम समय में बेहतर गुणवत्ता वाले अंकुरित पौधे मिलते हैं। इन दिनों यूनिट में योगी नामधारी मिर्च की पौध तैयार की जा रही है। किसान स्वयं अपने बीज यहां देकर थरहा तैयार करवा रहे हैं। डीएमएफ मद से यूनिट के जीर्णोद्धार के बाद यहां फिर से बड़े पैमाने पर किसानों को गुणवत्तायुक्त पौधे उपलब्ध कराए जा रहे हैं।इस आधुनिक तकनीक की खासियत यह है कि इसमें मिट्टी का उपयोग नहीं होता। नारियल बुरादा, परलाईड और वर्मी कोलाईट जैसे माध्यमों से पौध तैयार किए जाते हैं। मशीनरी स्वींग मेथड से बीजों का अंकुरण किया जाता है, जिससे पौधे रोगमुक्त और एक समान वृद्धि वाले बनते हैं। टमाटर, बैंगन, पत्ता गोभी, फूलगोभी, खीरा, करेला, लौकी और कद्दू जैसी सब्जियों की पौध यहां तैयार की जा रही है।

## कृषक संतोष साहू को मिला केसीसी और पासबुक

**गरियाबंद,16 मई।** छत्तीसगढ़ सरकार की किसान हितैषी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत विकासखंड फिंगेश्वर के ग्राम पोखरा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में कृषक श्री संतोष साहू को केसीसी सह पासबुक प्रदान किया गया। यह केसीसी सह पासबुक खाद्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री दयाल दास बघेल, विधायक श्री रोहित साहू तथा कलेक्टर श्री बीएस उईके के हाथों वितरित किया गया। केसीसी सह पासबुक मिलने से किसानों को जीरो प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण सुविधा का लाभ प्राप्त होगा।

## उप मुख्यमंत्री शर्मा ने सुनी लोगों की समस्याएं

**रायपुर,16 मई।** कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल एवं बैगा बाहुल्य क्षेत्र तरेगांव जंगल में आयोजित सुशासन तिहार के समाधान शिविर में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा शामिल हुए। उन्होंने शिविर में ग्रामीणों के साथ अपने सहज और चिर-परिचित अंदाज में सीधे संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं और कई मामलों में मौके पर ही अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सुशासन तिहार शासन और जनता के बीच विश्वास एवं संवाद का माध्यम है। राज्य सरकार गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्याओं को समझने और उनका समाधान करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, जनपद अध्यक्ष श्रीमती बालका राम किंकर वर्मा, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्री कैलाश चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री विदेशी राम धुर्वे, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत श्री नंद श्रीवास, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रूपा राजकुमार धुर्वे, श्री लोकचंद साहू, श्री मनीराम साहू, कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि और विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ का स्मार्ट रजिस्ट्री मॉडल बना देश के लिए प्रेरणादायी उदाहरण

**रायपुर, 16 मई।** छत्तीसगढ़ का स्मार्ट रजिस्ट्री मॉडल अब देशभर के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण बनकर उभरा है। भारत सरकार के भूमि संसाधन विभाग के सचिव श्री नरेंद्र भूषण ने राज्य के पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग द्वारा किए गए तकनीकी नवाचारों और नागरिक-केंद्रित सुधारों की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ का यह मॉडल अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणादायी है। भारत सरकार के अधिकारियों द्वारा पिछले दो माह में यह तीसरा दौरा है, जो राज्य में लागू स्मार्ट रजिस्ट्री प्रणाली, ऑटो म्यूटेशन और डिजिटल सेवाओं के प्रति बढ़ती राष्ट्रीय रुचि को दर्शाता है। दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान सचिव श्री नरेंद्र भूषण ने मंत्रालय महानदी भवन में पंजीयन विभाग की विस्तृत समीक्षा की।

# ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर कलेक्टर से कहा-साहब,हमारा पैसा दिला दीजिए

- पीएमजीएसवाई के तहत निर्मित बिरियाभूमि-इडेर सड़क निर्माण कार्य का भुगतान अटका, ठेकेदार और मजदूर परेशान
- ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 16 मई।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत ब्लॉक भैरमगढ़ में घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में निर्मित बिरियाभूमि से इडेर सड़क निर्माण कार्य किया गया है। लेकिन अब तक विभाग से भुगतान नहीं मिलने का मामला सामने आया है। भुगतान प्रदाय नहीं होने के कारण ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। भुगतान लंबित रहने से संबंधित ठेकेदार, सप्लायर एवं मजदूरों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार, श्रृंग कंस्ट्रक्शन अंबिकापुर के द्वारा अनुबंधित सड़क निर्माण कार्य 14 किमी स्वीकृत हुआ है। वही अब तक कुल 9 किमी अर्थवर्क कार्य पूर्ण हो चुका है, लेकिन विभागीय स्तर पर भुगतान प्रक्रिया लंबित होने के कारण ठेकेदार को अब तक राशि प्राप्त नहीं हुई। इससे मजदूरों की मजदूरी और सामग्री सप्लायरों का भुगतान भी प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण से क्षेत्र में आवागमन सुगम हुआ है, लेकिन भुगतान में देरी से निर्माण कार्य से जुड़े लोगों में नाराजगी



बढ़ती जा रही है। संबंधित पक्षों ने प्रशासन एवं विभागीय अधिकारियों से शीघ्र भुगतान जारी करने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द भुगतान नहीं किया गया तो संबंधित विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया जा सकता है।

ग्रामीण रविन्द्र फरसा ने बताया कि मेरे द्वारा ई ई नवीन तोड़ें से भुगतान के संबंध में बात की तो उन्होंने कहा कि मैं तुमें नहीं जानता हूं, तुम कौन से थर्ड पार्टी हो। मैं सिर्फ ठेकेदार को जानता हूं। सीधे मुंह बात तक नहीं की, जो बहुत ही निंदनीय है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान एसडीएम उत्तम सिंह पंचारी ने कहा कि निर्माण कार्य पीएमजीएसवाय विभाग का है कलेक्टर सर से चर्चा कर समस्या का निराकरण किया जाएगा। उक्त संबंध में ई ई नवीन तोड़ें का कहना है कि ठेकेदार बिल बनाकर आफिस में जमा करने पर बिल भुगतान कर दिया जाएगा।

# संभागायुक्त एवं कलेक्टर ने छुरिया में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जनपद पंचायत कार्यालय का किया आकस्मिक निरीक्षण

- स्वास्थ्य केन्द्र में साफसफाई व्यवस्था सुधारने एवं जर्जर भवन डिस्मेंटल करने के दिए निर्देश
- प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा की
- गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 16 मई।** संभागायुक्त श्री सत्यनारायण राठौर एवं कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के मद्देनजर छुरिया विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जनपद पंचायत कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। संभागायुक्त श्री राठौर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुरिया के महिला वार्ड, पुरूष वार्ड, नवजीवन कक्ष एवं प्रसूति कक्ष का अवलोकन किया। उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त की। संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था में तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। साथ ही परिसर स्थित जर्जर आवासीय भवन को डिस्मेंटल करने के निर्देश दिए, जिससे परिसर का विस्तार किया जा सके और बेहतर सुविधाएं विकसित हो सके। संभागायुक्त श्री राठौर ने निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुरिया का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में शीघ्र बाउंड्रीवाल निर्माण, ड्रेनेज सिस्टम विकसित करने तथा विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए ट्रांसफार्मर लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन स्वास्थ्य केन्द्र के शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुरिया नये भवन में शिफ्ट होने पर स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोत्तरी के साथ बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं जनसामान्य को मिलेगी और ज्यादा से ज्यादा लोग लाभान्वित हो सकेंगे।

संभागायुक्त श्री राठौर ने जनपद पंचायत कार्यालय छुरिया का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने जनपद पंचायत क्षेत्र में संचालित निर्माण कार्यों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) शाखा का निरीक्षण कर योजना की प्रगति की जानकारी ली। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि जनपद पंचायत क्षेत्र में अब तक लगभग 10 हजार 300 प्रधानमंत्री आवास पूर्ण किए गया हैं। संभागायुक्त ने शेष आवासों का निर्माण कार्य भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित आवासों के जियोटैग की ऑनलाइन मॉनिटरिंग कर पोर्टल में दर्ज प्रगति का अवलोकन किया। उन्होंने सभी आवासों का जियोटैग समय पर पूर्ण करने और ऑनलाइन प्रविष्टियों को अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट कर निर्माण कार्यों की सतत निगरानी सुनिश्चित करने कहा, ताकि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनी रहे और समय-सीमा में कार्य पूर्ण हो सके। संभागायुक्त श्री राठौर ने जनपद पंचायत में ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी ली।

# रायपुर में राष्ट्रीय वुडबॉल महाकुंभ का आगाज़, 20 राज्यों के 650 खिलाड़ी हुए शामिल






*भाजयुमो खेल एवं कला प्रमुख जयेश तिवारी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।*

**रायपुर 16 मई।** छत्तीसगढ़ वुडबॉल संघ द्वारा वुडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित 20वीं सीनियर एवं 14वीं जूनियर राष्ट्रीय वुडबॉल चैंपियनशिप 2026 का भव्य शुभारंभ राजधानी रायपुर स्थित कृष्णा विकास ग्लोबल स्कूल में हुआ। देशभर के 20 से अधिक राज्यों से लगभग 650 खिलाड़ी, कोच एवं अधिकारी इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता के आयोजन से रायपुर एक बार फिर राष्ट्रीय खेल गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बन गया है। 15 मई 2026 को आयोजित उद्घाटन समारोह में नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रमेश ठाकुर, भाजपा प्रदेश मंत्री श्री अमित साहू, झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष श्री बृजेश अग्रवाल एवं भाजयुमो खेल एवं कला प्रमुख श्री जयेश तिवारी शामिल हुए। खेल जगत से वुडबॉल इंडिया के महासचिव श्री अजय सोनटक्के, संयुक्त सचिव श्री देवांग शाह, कोषाध्यक्ष श्री प्रवीण मनवटकर एवं सीईओ श्री सुदीप मनवटकर की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। इसके अलावा छत्तीसगढ़ वुडबॉल संघ के सचिव श्री जितेंद्र पटेल, कृष्णा विकास ग्लोबल स्कूल के प्रबंध निदेशक श्री एस.एन. पांडा एवं छत्तीसगढ़ फूड एंड ड्रग कंट्रोलर श्री दीपक कुमार अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजन अध्यक्ष श्री आफताब हुसैन एवं आयोजन सचिव श्री विपुल कुमार दास ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों एवं विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता केवल खेल आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता, अनुशासन और युवा प्रतिभाओं को मंच देने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ लगातार खेलों के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है तथा वुडबॉल जैसे उभरते खेल को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न आयु वर्गों में रोमांचक मुकाबले आयोजित किए जाएंगे, जिनमें देश के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन समिति द्वारा खिलाड़ियों के आवास, भोजन, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की विशेष व्यवस्था की गई है ताकि प्रतिभागियों को उत्कृष्ट खेल वातावरण मिल सके। छत्तीसगढ़ वुडबॉल संघ ने आयोजन के सफल संचालन हेतु सभी सहयोगी संस्थाओं, स्वयंसेवकों, खेल प्रेमियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। आयोजकों ने विश्वास जताया कि यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता राज्य में खेल संस्कृति को नई दिशा देने के साथ युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# बैगा बाहुल्य ग्राम सिंघारी में उप मुख्यमंत्री शर्मा ने 50 सीटर छात्रावास भवन का किया भूमिपूजन

**रायपुर, 16 मई।** उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड के बैगा बाहुल्य ग्राम सिंघारी में विशेष पिछड़ी जनजाति के विद्यार्थियों के लिए प्रस्तावित 50 सीटर छात्रावास भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। लगभग 1 करोड़ 82 लाख रुपए की लागत से बनने वाला यह छात्रावास क्षेत्र के विद्यार्थियों को आवासीय सुविधा के साथ बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराएगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार वनांचल और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजातियों के बच्चों तक शिक्षा की सुविधाएं पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल व्यक्तिगत विकास का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और क्षेत्र की प्रगति का आधार भी है। ऐसे क्षेत्रों में छात्रावासों की सुविधा मिलने से विद्यार्थियों की पढ़ाई नियमित होगी और उन्हें बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।

उन्होंने कहा कि बैगा समाज प्रदेश की सांस्कृतिक परंपरा और पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। सरकार की कोशिश है कि विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और वन क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों को भी शिक्षा, स्वास्थ्य तथा आधारभूत सुविधाएं सहज रूप से उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि कई बार दूरस्थ गांवों के बच्चों को स्कूल और आवास की कठिनाइयों के कारण पढ़ाई बीच में छोड़नी पड़ती है, लेकिन छात्रावास बनने से विद्यार्थियों को सुरक्षित वातावरण और आवश्यक सुविधाएं मिल सकेंगी।



उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्रामीणों से बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील करते हुए कहा कि शिक्षित युवा ही आने वाले समय में समाज और क्षेत्र के विकास की मजबूत नींव बनेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार जनजातीय अंचलों में अधोसंरचना विकास, सड़क, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर विशेष प्राथमिकता के साथ काम कर रही है। कार्यक्रम में कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, जनपद अध्यक्ष श्रीमती बालका राम किंकर वर्मा, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्री कैलाश चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री विदेशी राम धुर्वे, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत श्री नंद श्रीवास, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रूपा राजकुमार धुर्वे, श्री लोकचंद साहू, श्री मनीराम साहू, कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि और विभागों के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# इकोनॉमी के विकास के लिए वैल्यू एडिशन आधारित उत्पादन करना होगा:राज्यपाल डेका

**रायपुर, 16 मई।** छत्तीसगढ़ की लगभग 80 प्रतिशत अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है। आज भूमि लगातार संकुचित होती जा रही है। अतएव हमें कम जमीन में ज्यादा से ज्यादा उत्पादन के लिए कार्य करना होगा। अर्थव्यवस्था के तेजी से विकास के लिए वैल्यू एडिशन उत्पादन आज की महती आवश्यकता है। यह उद्गार राज्यपाल श्री रमेन डेका एवं कुलाधिपति इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर ने विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह में व्यक्त किये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम और भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली के पूर्व निदेशक और प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. अशोक कुमार सिंह उपस्थित थे ।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के सभागार में आयोजित भव्य एवं गरिमामय दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पदक एवं उपाधियां वितरित की गई। विभिन्न संकायों में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को 13 स्वर्ण, 7 रजत एवं 2 कांस्य पदक सहित 128 शोधार्थियों को पी.एच.डी, 518 विधार्थियों को स्नातकोत्तर और 1234 विधार्थियों को स्नातक उपाधि प्रदान की गई। कार्यक्रम के अध्यक्षीय उद्बोधन में राज्यपाल श्री रमेन डेका ने इन उपाधि और पदक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह छात्र जीवन का एक बहुत बड़ा अवसर होता है। यह केवल डिग्री प्राप्त करने का दिन नही बल्कि भविष्य की शुरूआत का प्रतीक है। जब यह विश्वविद्यालय स्थापित हुआ था तब यहां केवल दो या तीन स्ट्रीम ही उपलब्ध थी। लेकिन समय के साथ शिक्षा और अवसरों का विस्तार हुआ है। श्री डेका ने कहा कि आज कृषि परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। अब यह विज्ञान तकनीकी, नवाचार और उद्यमिता से संचालित हो रही है।

**जनजातीय गांवों तक पहुंचेगी योजनाओं की सुविधाः रायपुर, 16 मई।** छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति विकास विभाग द्वारा जनजातीय क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए 18 से 25 मई 2026 तक जन भागीदारीङ्गसबसे दूर, सबसे पहले अभियान चलाया जाएगा।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

क्रमांक/284/नि.सू./न.पा. परि./2026-27 दन्तेवाड़ा, दिनांक: 14/05/2026

**गुमटी नीलामी सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय क्षेत्रांतर्गत विधायक बंगला के पास स्थित 09 गुमटी की नीलामी (मासिक किराये पर) नगरपालिका परिषद दन्तेवाड़ा के सभाकक्ष में किया जाना है। नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति पृथक-पृथक अमानत राशि जमा कर (नगद/बैंक ड्राफ्ट) एवं आवेदन शुल्क 200.00 रूपये नगद जमा कर नीलामी में भाग ले सकेगें।

(1) आवेदन करने की अंतिम तिथि एवं समय - 21/05/2026 के सांय 5.00 बजे तक
(2) नीलामी की तिथि एवं समय - 22/05/2026 के अपरान्ह 3.00 बजे

| गुमटी क्र. | आकार वर्ग मीटर में | अमानत राशि | मासिक किराया | आरक्षण |
|---|---|---|---|---|
| 04 | 3.00×2.50 | 32000.00 | 1000.00 | अ.पि.व. |
| 05 | 3.00×2.50 | 32000.00 | 1000.00 | महिला |
| 06 | 3.00×2.50 | 32000.00 | 1000.00 | अ.ज.जा. |
| 07 | 3.00×2.50 | 32000.00 | 1000.00 | शिक्षित बेरोजगार |
| 08 | 3.00×2.50 | 32000.00 | 1000.00 | अ.ज.जा. |
| 10 | 3.00×2.50 | 32000.00 | 1000.00 | अनारक्षित |
| 11 | 3.00×2.50 | 32000.00 | 1000.00 | अनारक्षित |
| 12 | 3.00×2.50 | 32000.00 | 1000.00 | अ.ज.जा. |
| 14 | 3.00×2.50 | 32000.00 | 1000.00 | अनारक्षित |

नीलामी के नियम एवं शर्त कार्यालयीन अवधि में नगरपलिका कार्यालय के राजस्व शाखा से प्राप्त किया जा सकता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद दन्तेवाड़ा
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

## न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202604090100008 -अ/21 (1) वर्ष 2025-26

**ईश्तहार**

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनुविभागीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण उप संभाग, राजनांदगांव द्वारा ज्ञापन क्रमांक 185/शिल्प/भू-अर्जन/मुसराकला, राजनांदगांव दिनांक 17.03.2026 के माध्यम से आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति-2016 के तहत् ग्राम मुसराकला, प.ह.नं.-13, तहसील डोंगरगढ़ स्थित भूमिस्वामियों चन्द्रशेखर, प्रताप, नीलाम्बर, मैनाबाई, कुंतीबाई पिता कीर्तन एवं अन्य 01, सभी निवासी ग्राम मुसराकला, तहसील डोंगरगढ़ की भूमि क्रमशः खसरा नंबर 60 एवं 61 में से रकबा क्रमशः 0.024 हे. एवं 0.057 हे. कुल रकबा 0.081 हे. को मुसराकला मार्ग पर स्थित रेलवे ओव्हर ब्रीज निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण/क्रय करने की अनुमति हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता की धारा 165 (1) के तहत् आवेदन पत्र मय दस्तावेज के माननीय कलेक्टर महोदय राजनांदगांव के समक्ष प्रस्तुत किया है जो अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़ के माध्यम से जांच प्रतिवेदन पेश किये जाने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उपरोक्तानुसार आवेदित भूमि गैर आदिवासी को विक्रय करने की अनुमति आवेदक को दी जाने में किसी को कोई दावा व आपत्ति हो तो, वे अपना दावा आपत्ति ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 18.05.2026 के पूर्व इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 13.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, डोंगरगढ़ (छ.ग.)

## न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202605092300035 -अ/6(अ)-वर्ष 2025-26

**ईश्तहार**

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक हेमन लाल साहू पिता रतिराम साहू जाति तेली निवासी ग्राम मुसराखुर्द तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम मुसराखुर्द पटवारी हल्का नं. 13 में स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 423/1 रकबा 0.114 हेक्टेयर भूमि आवेदक को बंटवारे में प्राप्त हुआ है। उक्त भूमि नामांतरण पंजी में इन्द्राज हो चुका है किन्तु आन लाईन रिकार्ड में कन्हैया बंजारे पिता दौलत बंजारे एवं अन्य के नाम पर बता रहा है। उक्त भूमि राजस्व अभिलेख आन लाईन में खसरा नं. 423/1 रकबा 0.114 हेक्टेयर भूमि उक्त भूमि में अनावेदक का नाम विलोपित कर अपने नाम पर रिकार्ड दुरूस्त किये जाने बाबत् आवेदन पत्र, आधार कार्ड, बी-1 खसरा की प्रति पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 20.05.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि में आपत्ति प्राप्त नही होने के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, डोंगरगढ़

## न्यायालय तहसीलदार देवभोग के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202604220600009

विषय:- अ-21 (1)
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:- 2025-2026

देवभोग प.ह.न. 00014
[229/8(0.1500 हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- महेन्द्री बाई, आनंद कुमार, भुनेशचंद्र, सुनीता, अनिता, अनुराधा,
अनावेदक पक्षकार- वेणुधर पांडे, महेन्द्र कुमार पांडे,

**ईश्तहार**

आवेदकगण महेन्द्री बाई पति स्व. रामशंकर जाति गोड़ निवासी देवभोग तहसील देवभोग जिला गरियाबंद व अन्य 05 व्यक्तियों द्वारा ग्राम देवभोग तहसील देवभोग में स्थित शामिलात खाते की कृषि भूमि खसरा नंबर 229/8 रकबा 0.15 हेक्टेयर में से 0.024 हेक्टेयर को अनावेदकगण वेणुधर पांडे पिता पुरनधर पांडे जाति कुम्हार निवासी देवभोग तहसील देवभोग जिला गरियाबंद व अन्य 01 व्यक्ति को विक्रय की अनुमति प्रदान किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है।

उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो वह अपना दावा आपत्ति स्वयं उपस्थित होकर अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से ईश्तहार जारी दिनांक के 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधी के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/05/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, तहसील-देवभोग

## न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ 1 के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202605095200012/

विषय:- अ-6
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:- 2025-2026

जटकन्हार प.ह.न. 00020
[393/3(0.3480हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- किशोरकुमार,
अनावेदक पक्षकार- सदाराम, मंगतूराम, सदियाबाई, सुमित्राबाई,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदन आनलाईन से प्रकरण प्राप्त। आवेदक क्रेता किशोर पिता देवार कंवर जाति कंवर सा. जटकन्हार तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव के द्वारा ग्राम जटकन्हार प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. बेलगांव तहसील डोंगरगढ़ में स्थित व दर्ज भूमि ख.न. क्रमशः 393/3 के रकबा 0.1580 हे. मे से 0.158 हे. एवं 0.109 हे. कुल रकबा 0.267 हे. भूमि को भूमि स्वामी सदाराम, मंगतूराम, सदियाबाई, सुमित्राबाई सभी पिता रघूनाथ कंवर निवासी जटकन्हार के नाम पर शामिलात खाते में दर्ज भूमि को भूमि स्वामी द्वारा दिनांक 29/05/2023 को पंजिकृत विक्रय पत्र निष्पादन आवेदक क्रेता किशोर पिता देवार कंवर के नाम पर किया गया है। आवेदक पंजिकृत विक्रय पत्र निष्पादन के आधार पर अपने नाम पर नामांतरण किये जाने आवेदनमय विक्रय पत्र के साथ आनलाईन में आवेदन किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन पेशी दिनांक 29.05.2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/05/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, डोंगरगढ़

## OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PUBLIC WORKS DEPARTMENT, E/M CIRCLE, RAIPUR (C.G.)

### e-Procurement Tender Notice

Online tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh from contractors, C.G. P.W.D in new Registration system (unified Registration system) for the following work :-

| NIT No. | Name of work | Probable amount of contract |
|---|---|---|
| 20/SE E/M/2025 (1 Call) System Tender No...... Registered contractor class in "D" & above For Form B (ITEM Rate Basis) | COMPREHENSIVE MAINTENANCE CONTRACT IN ANNUAL MAINTENANCE/OPERATION /REPAIR/ INSPECTION & SECURITY OF UNDER BRIDGE STREET LIGHT & HIGH MAST, DEWATERING PUMP, SUBMERSIBLE PUMP D.G. SET MAINTENANCE WORK AT RAM NAGAR, MAHOBA BAZAR, TELGHANI NAKA, GONDWARA, GOGAON, DRM UNDERBRIDGE UNDER P.W.D. E/M. WORKSHOP SUB DIVISION RAIPUR (C.G.) | Rs.39.50 Lacs |
| 21/SE E/M/2025 (1 Call) System Tender No..... Registered contractor class in "D" & above For Form A (Percentage Rate Basis) | Annual Repair of Electrification works of Electrical Equipment in all Non Residential Buildings, Rest Houses & Circuit houses under Sub Division Jagdalpur District Bastar CG | Rs 16.50 Lacs |

Date of bid submission will be 04-06-2026
The tender documents can be downloaded from the web-portal http://eproc.cgstate.gov.in. Only those contractors/bidders, interested in bidding shall pay the tender document cost online.

G-262700773/7 — Superintending Engineer, P.W.D., E/M Circle Raipur (C.G.)

एक नजर

## वेदांता में मरीजों के पोषण पर ध्यान

**रायपुर. 16 मई।** वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन का बाल्को मेडिकल सेंटर (बीएमसी) नया रायपुर में स्थित 170 बिस्तरों वाला एक अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल है, जहाँ छत्तीसगढ़ और आसपास के क्षेत्रों से मरीज इलाज के लिए आते हैं। यहाँ आने वाले कई मरीज आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से होते हैं और विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के तहत उनका उपचार किया जाता है। कैंसर के इलाज के दौरान पोषण की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि यह न केवल मरीजों के समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि उपचार के प्रति उनकी प्रतिक्रिया और लंबे समय के परिणामों पर भी सकारात्मक असर डालता है। इनमें से कई मरीजों के लिए पर्याप्त और नियमित पोषण तक पहुँच कैंसर की पहचान से पहले ही सीमित रही होती है। कैंसर के इलाज के दौरान शरीर को अधिक कैलोरी और प्रोटीन की जरूरत होती है, लेकिन मतली, भूख कम लगना, मुँह में छाले, मुँह का सूखना, स्वाद में बदलाव और निगलने में दर्द जैसी समस्याएँ अक्सर भोजन की मात्रा को कम कर देती हैं।

पोषण की जरूरत और वास्तविक सेवन के बीच यह असंतुलन तेजी से वजन घटने, कमजोरी, संक्रमण के बढ़ते खतरे और उपचार को सहन करने की क्षमता में कमी का कारण बन सकता है, जिससे लंबे समय में मरीज के स्वास्थ्य और जीवन-परिणाम प्रभावित हो सकते हैं।

## कैंसर से निपटने शुरुआती पहचान पर ध्यान देने की जरूरत

**रायपुर. 16 मई।** भारत में कैंसर तेजी से एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बनता जा रहा है। छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में यह समस्या और भी अधिक गंभीर है। बड़ी ग्रामीण आबादी, जागरूकता की कमी और विशेष चिकित्सा सेवाओं तक देर से पहुँच के कारण कई मरीजों में कैंसर का पता उन्नत चरणों में चलता है। बेहतर उपचार परिणाम सुनिश्चित करने के लिए कैंसर की समय पर पहचान सबसे प्रभावी उपाय है। लेकिन, सामुदायिक स्तर पर नियमित जाँच और जागरूकता की कमी के कारण कई मामलों का पता बहुत देर से चल पाता है। ऐसे समय में स्थानीय स्तर पर कैंसर देखभाल की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो गई है। बाल्को मेडिकल सेंटर, जिसे वेदांता लिमिटेड संचालित करती है, मध्य भारत के लोगों तक उन्नत, किफायती और समग्र कैंसर उपचार पहुँचाकर इस कमी को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# पंचायतों में अब नहीं होगा सरपंच पतियों का दखल

## पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने उठाया बड़ा कदम




**रायपुर, 16 मई।** पंचायती राज व्यवस्था में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों की वास्तविक भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। विभाग ने स्पष्ट निर्देश जारी किया है कि पंचायतों में महिलाओं के लिए आरक्षण का उद्देश्य केवल औपचारिक प्रतिनिधित्व नहीं बल्कि उन्हें निर्णय प्रक्रिया का स्वतंत्र और प्रभावी हिस्सा बनाना है।

जारी निर्देश के अनुसार, अब ग्राम पंचायत, जनपद एवं अन्य पंचायत बैठकों में निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाएगी। किसी भी रिश्तेदार, प्रतिनिधि या अन्य व्यक्ति को उनके स्थान पर बैठक में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी। आवश्यकता पड़ने पर फेस रिकॉग्निशन और बायोमेट्रिक अटेंडेंस जैसी तकनीकों का उपयोग कर उपस्थिति सत्यापित की जाएगी।

विभाग ने पंचायत बैठकों और ग्राम सभाओं की कार्रवाई को सभासार पोर्टल, निर्णय ऐप तथा अन्य अधिकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर नियमित रूप से अपलोड करने के निर्देश दिए हैं, ताकि कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बनी रहे और महिला प्रतिनिधियों की सक्रिय भूमिका दर्ज हो सके।

प्रशासन का मानना है कि डिजिटल निगरानी से प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा। महिला जनप्रतिनिधियों को प्रशासनिक और सामाजिक रूप से अधिक सक्षम बनाने के लिए जिले में जेंडर सेंसिटाइजेशन कार्यक्रम, नेतृत्व प्रशिक्षण और जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे।

पंचायतों में प्रभावी कार्य करने वाली महिला प्रतिनिधियों की सफलता की कहानियों को सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से प्रचारित करने की भी योजना बनाई गई है, ताकि अन्य महिलाओं को प्रेरणा मिल सके। पेसा क्षेत्र की पंचायतों में ग्राम सभा से पूर्व महिला सभा आयोजित करना अनिवार्य किया गया है, वहीं सामान्य क्षेत्रों में भी महिला प्रतिनिधियों को स्वतंत्र रूप से अपनी बात रखने के लिए महिला सभाओं के आयोजन के लिये प्रोत्साहित किया जाएगा।

इसे पंचायतों में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने की महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। विभाग ने जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व से संबंधित शिकायतों के लिए शिकायत पेटी और प्रभावी शिकायत निवारण तंत्र विकसित करने के निर्देश दिए हैं।

अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध निराकरण के लिए जवाबदेह बनाया गया है। प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने तथा पंचायतों में महिला जनप्रतिनिधियों की स्वतंत्र और सक्रिय भागीदारी को व्यक्तिगत जिम्मेदारी के रूप में लेने कहा है, साथ ही एक सप्ताह के भीतर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने और प्रत्येक माह की 5 तारीख तक नियमित जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

# खाद्य विभाग ने लिए लालपुर फल मार्केट से पांच नमूने

## 40 किलो सड़े-गले फल मौके पर कराए गए नष्ट



**रायपुर, 16 मई।** राजधानी रायपुर में खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटी और खराब खाद्य सामग्री के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। इसी कड़ी में लालपुर स्थित होलसेल फल मार्केट में सघन निरीक्षण करते हुए विभागीय टीम ने विभिन्न फलों के नमूने जांच के लिए संग्रहित किए, वहीं करीब 40 किलो सड़े-गले फल मौके पर ही नष्ट कराए गए।

नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन दीपक कुमार अग्रवाल तथा कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शुक्रवार को लालपुर स्थित थोक फल बाजार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान व्यापारियों द्वारा बेचे जा रहे फलों की गुणवत्ता और स्वच्छता की जांच की गई।

इस दौरान टीम ने तरबूज के 2, अनार का 1, आम का 1 और मौसंबी का 1, कुल 5 नमूने संग्रहित किए। सभी नमूनों को परीक्षण के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान टीम को बाजार में रखे लगभग 40 किलोग्राम सड़े-गले फल मिले, जिन्हें तत्काल नष्ट कराया गया। विभाग ने स्पष्ट किया है कि खाद्य प्रयोगशाला से जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध खाद्य सामग्री की सूचना विभाग को दें।



# नागरिक आपूर्ति निगम में अनुकंपा नियुक्ति देने का फैसला



**रायपुर, 16 मई।** 15 मई को संजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड (नागरिक आपूर्ति निगम) के संचालक मण्डल की 96वीं बैठक मुख्यालय, नवा रायपुर में संपन्न हुई। बैठक में रीना बाबा साहेब कंगाले, सचिव खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग इफ्फत आरा, प्रबंध संचालक, नागरिक आपूर्ति निगम सीताराम तिवारी, उप सचिव (वित्त) के. सी. पैकरा संयुक्त सचिव प्रतिनिधि छ.ग. शासन कृषि विभाग, ब्रजेश अग्रवाल, कंपनी सचिव राजेश कुमार सिसोदिया, कार्यपालन संचालक (वित्त) उपस्थित थे। बैठक में निगम सेवायुक्तों के कार्यकाल अवधि के दौरान निधन उपरांत उनके आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति दिये जाने का निर्णय लिया गया। इस निर्णय से 3 पात्र अभ्यर्थियों को लाभ मिलेगा जिससे दिवंगत निगम सेवायुक्तों के परिवार के आश्रित सदस्यों को रोजगार के साथ-साथ परिवार के जीवन यापन का जरिया प्राप्त होगा। वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु निगम के आय-व्यय (बजट) से संबंधित प्रासंगिक व्ययों के रूप में प्राप्तियों का अनुमानित बजट राशि रूपये 15116.82 करोड़ का अनुमोदन दिया गया। निगम कर्मियों को वर्तमान सातवां वेतनमान में महंगाई भत्ते में वृद्धि से संचालक मण्डल अवगत हुआ। छत्तीसगढ़ शासन के वित्त विभाग द्वारा यात्रा भत्ता से संबंधित जारी आदेश को निगम में यथावत लागू किये जाने का निर्णय लिया गया साथ ही अन्य कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।

## गलती मोदी सरकार की कीमत जनता चुकायेगी : कांग्रेस

**रायपुर, 16 मई।** पूर्व संसदीय सचिव एवं छाया सांसद विकास उपाध्याय ने कहा कि आज राजधानी रायपुर में पेट्रोल दर पर 3.48 रूपये, डीजल दर पर 3.17 रूपये और सीएनजी दर पर 2 रूपये की वृद्धि करके मोदी सरकार ने जनता को बड़ा झटका दिया है और इससे भी बड़ा झटका आने देश की जनता को मिलने वाला है क्योंकि देश में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जो भी पूर्व में कहा है वो सब सच होते जा रहा है। राहुल गांधी ने भविष्य में भी तेल कीमतों में इजाफा होने की आशंका व्यक्त की है और इसका असर देश के करोड़ों परिवारों पर पड़ेगा। उपाध्याय ने कहा कि सरकार की गलती की कीमत अब जनता चुकायेगी।



सरकार की गलत नीतियों और फैसलों का सीधा बोझ अब आम जनता की जेब पर डाला जा रहा है। उपाध्याय ने कहा कि महंगाई पहले ही लोगों की कमर तोड़ चुकी है और अब ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी से हर जरूरी चीज महंगी होगी। क्योंकि जब पेट्रोल-डीजल का दाम बढ़ता है तो पूरे देश में महंगाई का असर पड़ता है जो उद्योगों से लेकर घरेलू बजट व किसानों तक सब पर बुरा असर डालता है। उपाध्याय ने बताया कि इस पेट्रोल-डीजल के दाम में वृद्धि हो जाने के साथ-साथ ट्रक और टेम्पो का किराया बढ़ जायेगा, जिससे दूसरे राज्यों से आने वाली सब्जियाँ, फल और राशन महंगे हो जायेंगे। खेती की लागत, ट्रैक्टर और पंपिंग सेट चलाने के लिए किसानों को ज्यादा खर्च करना होगा, जिससे अनाज की लागत भी बढ़ेगी। बस-ऑटो का किराया, सार्वजनिक परिवहन और स्कूल बसों के किराए में भी इजाफा हो जायेगा। आज पूरे देश में पेट्रोल डीजल को लेकर आम जनता के बीच हलाहल मचा हुआ है लोग एक जगह से दूसरे जगह जाने के लिए घबरा रहे हैं पेट्रोल पंपों में घंटों लंबी-लंबी लाइनें लगी हुई है, मरीज परेशान है, व्यापार की स्थिति खराब हो रही है, छात्र परीक्षा देने जा रहे हैं उससे वंचित होते जा रहे हैं या समय पर नहीं पहुंच पा रहे है लेकिन बीजेपी सरकार मस्त नजर आ रही है जनता की तकलीफों से इनका कोई सरोकार नहीं है।

PICTURE-स्टोरी



रायपुर, 16 मई। आज वट सावित्री पूजा का पर्व है। महिलाओं ने अपने पतियों की लंबी उम्र की कामना को लेकर बरगद के पेड़ की पूजा की।

# मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक 19 को मुख्यमंत्री ने की तैयारी की समीक्षा



**रायपुर, 16 मई।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में 19 मई को बस्तर में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक आयोजित होगी। बैठक में छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। बैठक की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंत्रालय महानदी भवन में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक ली। अधिकारियों ने पीपीटी प्रस्तुतिकरण के माध्यम से परिषद की बैठक में उठाए जाने वाले विभिन्न विषयों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने सभी बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपते हुए निर्देश दिए कि आयोजन की तैयारियों में किसी प्रकार की कमी न रहे और सभी व्यवस्थाएं समन्वय के साथ सुनिश्चित की जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में मध्य क्षेत्रीय परिषद के राज्यों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह परिषद सदस्य राज्यों के बीच सहयोग और समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है तथा क्षेत्रीय परिषदें केंद्र और राज्यों के बीच संवाद को मजबूत करने का प्रभावी मंच बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि मजबूत राज्य ही मजबूत राष्ट्र का निर्माण करते हैं और इसी भावना के साथ क्षेत्रीय परिषदें विकास, प्रशासनिक समन्वय और राष्ट्रीय एकता को नई दिशा प्रदान कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले वर्षों में इन परिषदों ने राज्यों के बीच सहयोग और विकासोन्मुखी सोच को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बस्तर में इस महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति स्थापना के बाद इस स्तर की राष्ट्रीय बैठक का आयोजन यह दर्शाता है कि राज्य सरकार बस्तर के विकास और नई संभावनाओं को लेकर प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में नक्सल उन्मूलन के प्रयासों से क्षेत्र में शांति स्थापित हुई है और अब बस्तर विकास की नई राह पर आगे बढ़ रहा है।

# व्यापार मेले में दिखेगी छत्तीसगढ़ की औद्योगिक ताकत



**रायपुर, 16 मई।** कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर परवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन सुरिन्दर सिंह, जीवत बजाज, महामंत्री अवनीत सिंह, कोषाध्यक्ष विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, वासु माखीजा, राम मंधान, भरत जैन, राकेश ओचवानी एवं शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में 12 से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले देश के सबसे बड़े व्यापार मेले भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 के संबंध में आज कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर परवानी एवं कैट छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ शासन के माननीय उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन से सौजन्य मुलाकात कर महोत्सव की रूपरेखा, प्रदेश की औद्योगिक सहभागिता एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र की संभावनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की।

बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र, नवाचार आधारित उद्योगों, स्थानीय उद्योगों, हस्तशिल्प, इस्पात एवं एल्युमिनियम आधारित उद्योगों, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों एवं वोकल फॉर लोकल उत्पादों को राष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराने पर सकारात्मक चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 प्रदेश के उद्यमियों, व्यापारियों एवं निर्माताओं के लिए देशभर के व्यापारिक नेटवर्क, निवेशकों एवं खरीदारों से जुड़ने का महत्वपूर्ण अवसर साबित होगा।

प्रतिनिधिमंडल ने विशेष रूप से यह भी उल्लेख किया कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न अंचलों- विशेषकर सरगुजा, बस्तर एवं औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत स्थानीय उद्यमियों एवं उत्पादकों की सहभागिता इस बार महोत्सव में प्रमुख आकर्षण होगी। प्रदेश के स्वदेशी उत्पाद, पारंपरिक कला, हस्तशिल्प एवं स्थानीय उद्योगों की दमदार उपस्थिति देशभर के व्यापारियों और आगंतुकों को आकर्षित करेगी।

बैठक में राज्य में उद्योग विस्तार, रोजगार सृजन, स्थानीय उत्पादों के विपणन, निर्यात संभावनाओं एवं आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूत करने जैसे विषयों पर भी सार्थक चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 छत्तीसगढ़ के उद्योग एवं व्यापार को राष्ट्रीय पहचान दिलाने का एक सशक्त मंच बनेगा।

इस अवसर पर माननीय उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन प्रदेश के उद्योग, व्यापार एवं स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# रिंग रोड-2 पर बने रहे तीन फ्लाई ओवर्स के काम में आएगी तेजी

**रायपुर, 16 मई।** लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल ने आज रायपुर के रिंग रोड क्रमांक-2 में भनपुरी और टाटीबंध के बीच बन रहे तीन फ्लाई-ओवर्स के निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने तीनों फ्लाई-ओवर्स के काम में तेजी लाते हुए समय-सीमा में काम पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने तीनों साइट्स पर काम देख रहे अभियंताओं को गंभीरता और सक्रियता से कार्यों की रोज मॉनिटरिंग करने तथा निर्माण एवं निर्माण सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने को कहा।

लोक निर्माण विभाग द्वारा रिंग रोड क्रमांक-2 में भनपुरी और टाटीबंध के बीच सरोरा चौक, हीरापुर चौक और बंगाली होटल चौक पर सिक्स-लेन फ्लाई-ओवर्स का निर्माण किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग के सचिव बंसल ने दोनों ओर के सर्विस रोड्स, नालियों के कवर और फुटपाथों की अच्छी फिनिशिंग और समतलीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फ्लाई-ओवर्स के ऊपर और नीचे आवाजाही शुरू होने के बाद लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं होना चाहिए। फ्लाई-ओवर्स के किसी भी हिस्से के काम में लापरवाही और गैर-जिम्मेदाराना तरीके से काम नहीं होना चाहिए। उन्होंने तीनों कार्यस्थलों के आसपास अच्छी साफ-सफाई रखने को कहा। विभागीय सचिव ने तीनों कार्यस्थलों में पूरी सावधानी बरतते हुए सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने फ्लाई-ओवर्स और सर्विस रोड्स के निर्माण में सड़क सुरक्षा के सभी मानकों का भी कड़ाई से पालन करने को कहा।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26